**सुविचार**
बिखरने की कगार पर जब खुद को समेटते हुए उठते हो, बस वहीं से तुम जीत के लिए जुटते हो।

Daily
# THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
Published from Ranchi

Ranchi ● Saturday, 03 June 2023 ● Year : 01 ● Issue : 137 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com | E-Paper : epaper.thephotonnews.com



08
सत्यप्रेम से कार्तिक और कियारा की...

**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | : | 62,547.11 |
| निफ्टी | : | 18,534.10 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,755 |
| चांदी | : | 78.06 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

# ओडिशा में COROMANDEL EXPRESS बेपटरी होने से बड़ा हादसा, 50 की मौत, 350 लोग घायल

## बोगियां बेपटरी होने के बाद दूसरी ट्रेन ने मारी टक्कर, फिर मालगाड़ी के भिड़ने से हुआ हादसा

**AGENCY BHUBANESWAR :** ओडिशा के बालासोर जिले में बहनागा रेलवे स्टेशन के पास कोरोमंडल एक्सप्रेस ट्रेन दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिसमें करीब 50 लोगों की मौत हो गई। वहीं 350 से ज्यादा लोगों की घायल होने की खबर है। जानकारी के अनुसार 12841 शालीमार-चेन्नई कोरोमंडल एक्सप्रेस के कई डिब्बे बहानागा स्टेशन के पास एक पटरी से उतर गए और दूसरी लाइन पर जा गिरे। रेलवे प्रवक्ता अमिताभ शर्मा ने बताया कि शाम करीब 7 बजे, शालीमार-चेन्नई कोरोमंडल एक्सप्रेस के 10-12 डिब्बे बालासोर के पास पटरी से उतर गए और दूसरे ट्रैक पर जा गिरे। कुछ समय बाद, यशवंतपुर से हावड़ा जाने वाली एक और ट्रेन उन पटरी से पड़े डिब्बों से टकरा गई, जिसके परिणामस्वरूप उसके 3-4 डिब्बे बेपटरी हो गई। इस हादसे में अब तक कम से कम 50 यात्रियों की मौत हो गई और 350 से ज्यादा लोग घायल हो गए। ओडिशा के मुख्य सचिव ने बताया कि 132 लोग घायल हुए हैं। घायलों को सोरो सीएचसी, गोपालपुर सीएचसी और खांटापाड़ा पीएचसी में भेजा गया है। दक्षिण पूर्व रेलवे के खड़गपुर डिवीजन के डिवीजनल रेलवे मैनेजर ने ट्वीट किया कि कोरोमंडल एक्सप्रेस के कम से कम 30 यात्रियों की मौत हो गई। हादसा शुक्रवार शाम लगभग 7 बजे हुआ। दोनों ट्रेनों के कम से कम 12 डिब्बे पटरी से उतर गए और कम से कम 4 डिब्बे रेलवे लाइन के काफी दूर जा गिरे। सुपरफास्ट ट्रेन के पलटे हुए डिब्बों के अंदर और भी कई लोगों के फंसे होने की आशंका है। कोरोमंडल एक्सप्रेस के डिरेल होने से घायल हुए यात्रियों को बहानागा के अस्पतालों में भर्ती करवाया गया है। इस रूट की 6 ट्रेनें रद्द कर दी गई हैं। कुछ ट्रेनों का रूट बदला गया है। पीएमओ ने ओडिशा में ट्रेन दुर्घटना में प्रत्येक मृतक के परिजनों को पीएमएनआरएफ से 2 लाख रुपये दिए जाएंगे। जबकि घायलों को 50000 रुपये दिए जाएंगे.

**एनडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची :** ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने राज्य मंत्री प्रमिला मल्लिक और स्पेशन रिलीफ कमिश्नर को तुरंत दुर्घटना स्थल पर पहुंचने का निर्देश दिया। मंत्री और मौके पर पहुंच रहे हैं। बालासोर रेलवे स्टेशन से एनडीआरएफ की 22 सदस्यों वाली पहली टीम मौके पर पहुंची थी।

**दोनों गाड़ियां एक ही लाइन पर आई :** बताया जा रहा है कि एक ही लाइन पर दोनों गाड़ियों के आ जाने की वजह से यह हादसा हुआ। रेलवे ट्रैक पर लगा सिग्नल खराब होने के चलते दोनों ट्रेन एक ही पटरी पर आकर टकरा गईं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ये ट्रेन दोपहर 3.15 बजे शालीमार स्टेशन से निकली थी। यह ओडिशा के बालासोर से 40 किलोमीटर दूर बहानागा स्टेशन के पास शाम 7:20 बजे मालगाड़ी से टकराकर पटरी से उतर गई।



बालासोर जिले में बहनागा रेलवे स्टेशन के पास दुर्घटनाग्रस्त कोरोमंडल एक्सप्रेस ट्रेन व राहत-बचाव कार्य में जुटे लोग ● एजेंसी

### मुख्य बातें

- ओडिशा के बालेश्वर जिले के बाहनगा स्टेशन के पास भीषण ट्रेन हादसे में सात से आठ यात्री डिब्बे पलट गए।
- खबर के मुताबिक, घटना शुक्रवार की शाम करीब सवा सात बजे हुई, जब कोरोमंडल एक्सप्रेस ट्रेन एक मालगाड़ी की चपेट में आ गई।
- हादसे में करीब 400 यात्री ट्रेन में फंस गए। राज्य सरकार ने ओडीआरएएफ और एनडीआरएफ की टीमों को बचाव अभियान के लिए मौके पर पहुंचने का निर्देश दिया।
- बालेश्वर के जिला कलेक्टर को तत्काल घटनास्थल पर पहुंचने और स्थानीय प्रशासन की मदद से राहत एवं बचाव कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया गया।
- इस बात को लेकर लोगों में आक्रोश दिखा कि कैसे दो ट्रेनों को एक ही ट्रक में चलने दिया गया। स्थानीय लोगों ने कहा कि रेलवे या स्थानीय प्रशासन दोनों के वरिष्ठ अधिकारी दुर्घटना के लगभग 30 से 40 मिनट बाद भी मौके पर नहीं पहुंचे।
- अनुमान है कि हादसे में कई यात्रियों की जान चली गई और सैकड़ों यात्री घायल हो गए। घायलों को बहानगा, सोर और बालेश्वर के नजदीकी अस्पतालों में ले जाया गया।
- विशेष राहत आयुक्त ने बालेश्वर जिलाधिकारी को मौके पर पहुंचकर बचाव अभियान की निगरानी करने का आदेश दिया।
- विशेष राहत आयुक्त (एसआरसी) को वरिष्ठ अधिकारियों हेमंत शर्मा, बलवंत सिंह, अरविंद अग्रवाल, डीजी फायर सर्विसेज के साथ बहानागा में ट्रेन दुर्घटना में व्यवस्था की निगरानी के लिए मौके पर भेजा गया।
- हादसे के बाद आपातकालीन नंबर 6782262286 जारी किया गया। पूछताछ के लिए अस्थायी हेल्पलाइन नंबर (044- 2535 4771) भी जारी किया गया है।
- पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि लोगों की मदद के लिए ओडिशा सरकार, दक्षिण पूर्व रेलवे के साथ समन्वय कर रही है। आपातकालीन नियंत्रण कक्ष को तुरंत 033-22143526/22535185 नंबर के साथ सक्रिय कर दिया गया है।



"ओडिशा में ट्रेन हादसे से व्यथित। दुख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ है। घायल जल्द स्वस्थ हों। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से बात की और स्थिति का जायजा लिया। दुर्घटनास्थल पर बचाव कार्य जारी है और प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता दी जा रही है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।



"ओडिशा के बालासोर में एक दुर्भाग्यपूर्ण रेल दुर्घटना में लोगों की मौत के बारे में जानकर गहरा दुख हुआ। मेरा दिल शोक संतप्त परिवारों के लिए जाता है। मैं बचाव कार्यों की सफलता और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करतीं हूं।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू।



"बंगाल से यात्रियों को ले जा रही शालीमार-कोरोमंडल एक्सप्रेस बालासोर के पास एक मालगाड़ी से टकरा गई। हम ओडिशा सरकार के साथ और दक्षिण पूर्व रेलवे के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। ओडिशा सरकार की मदद के लिए 5-6 सदस्यों की एक टीम मौके पर भेज रहे हैं।

ममता बनर्जी, मुख्यमंत्री पश्चिम बंगाल।



"बाल्टीमोर में कर्मडल एक्सप्रेस दुर्घटना के बारे में जानकर मैं चिंतित हूं। यह वास्तव में एक बहुत ही घातक दुर्घटना थी। राजस्व मंत्री और एसआरसी ने मौके का दौरा कर सभी कार्यों की निगरानी करने का आदेश दिया है। हम सभी की बेहतर देखभाल और घायलों के लिए शुभकामनाएं चाहते हैं।

नवीन पटनायक, मुख्यमंत्री ओडिशा।



"ओडिशा के बालासोर में कोरोमंडल एक्सप्रेस के दुर्घटनाग्रस्त होने के दुखद समाचार से व्यथित हूं। मेरा दिल शोक संतप्त परिवारों के लिए जाता है। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। मैं कांग्रेस कार्यकताओं और नेताओं से आग्रह करता हूं कि बचाव के प्रयासों के लिए आवश्यक सभी सहायता प्रदान करें।

राहुल गांधी, अध्यक्ष भारतीय युवा कांग्रस।

## BRIEF NEWS

### गुमला में मुठभेड़ में 15 लाख का इनामी नक्सली लाजिम अंसारी ढेर

**GUMLA :** जिले के रायडीह थाना क्षेत्र के जंगल में नक्सली और सुरक्षाबलों के बीच शुक्रवार को मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में 15 लाख का इनामी नक्सली लाजिम अंसारी मारा गया है। मुठभेड़ में दोनों ओर से कई राउंड गोली चलने की सूचना है।

### सऊदी कैडेट्स ने भारतीय नौसेना के जहाजों पर 10 दिन का प्रशिक्षण पूरा किया

**NEW DELHI :** भारत में समुद्री प्रशिक्षण ले रहे किंग फहद नौसेना अकादमी, सऊदी अरब के कैडेट्स से नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने वार्ता की। इस समय दक्षिणी नौसेना कमान, कोच्चि में रॉयल सऊदी नेवल फोर्स (आरएसएनएफ) के 55 कैडेट पांच निर्देशक स्टाफ के साथ प्रशिक्षण ले रहे हैं। इन्हें भारतीय नौसेना के पोत, स्क्वाड्रन जहाजों, आईएनएस तीर और आईएनएस सुजाता पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। नौसेना प्रमुख को वर्तमान में जारी बंदरगाह और जलपोत प्रशिक्षण गतिविधियों से अवगत कराया गया, जिसमें परिपूर्ण समुद्री उड़ानें भी शामिल हैं। नौसेना प्रमुख को प्रशिक्षण अवधि के दौरान प्रशिक्षुओं की प्रगति के बारे में भी जानकारी दी गई। प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के हिस्से में सऊदी कैडेट्स को समुद्री प्रशिक्षण चरण में जाने से पहले सिम्युलेटर प्रशिक्षण दिया गया था। कैडेट्स ने भारतीय नौसेना के जहाजों पर समुद्र में 10 दिन पूरे कर लिए हैं। समुद्री उड़ानों के दौरान उन्हें नेविगेशन और सीमैनशिप के व्यावहारिक पहलुओं के बारे में अवगत कराया गया।

### सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में एक आतंकवादी ढेर

**RAJOURI :** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले के दस्सल इलाके के वन क्षेत्र में शुक्रवार सुबह सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में एक आतंकवादी को मार गिराया। सैन्य अधिकारी ने बताया कि गुरुवार और शुक्रवार की दरमियानी रात संदिग्ध गतिविधि देखने के बाद सेना और पुलिस ने संयुक्त रूप से तलाशी अभियान शुरू किया। इस दौरान आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी शुरू कर दी। इसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। इसी दौरान एक आतंकवादी को मार गिराया गया। जम्मू-कश्मीर के एडीजीपी मुकेश सिंह ने कहा कि इस मुठभेड़ में एक आतंकी मारा गया है और सुरक्षाबलों का अभियान जारी है।

### हथियार के साथ नक्सलियों का पूर्व सहयोगी गिरफ्तार

**RANCHI :** तमाड़ पुलिस ने पूर्व में भाकपा माओवादियों के सहयोगी रहे सैंनाथ सिंह मुंडा को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने शुक्रवार को प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि जोपनो जंगल क्षेत्र में कुछ लोग हथियार लेकर भ्रमणशील है, जो किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में है। सूचना के बाद एसडीपीओ अजय कुमार के नेतृत्व में एसएसबी के 26 वीं वाहिनी और तमाड़ पुलिस के साथ जोपनो जंगल में छापेमारी की गयी। छापेमारी के क्रम में एक व्यक्ति को खदेड़ कर पकड़ लिया गया। अन्य जंगल का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। पकडाये व्यक्ति हुए व्यक्ति के पास से एक पिस्टल बरामद किया गया।

## वीडियो प्रकरण में जांच आयोग ने बाबूलाल व राजीव अरुण एक्का को भेजा NOTICE

**PHOTON NEWS RANCHI :** आईएएस राजीव अरुण एक्का के वायरल वीडियो की जांच कर रही एक सदस्यीय जांच आयोग ने भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी और मुख्यमंत्री के पूर्व प्रधान सचिव आईएएस अधिकारी राजीव अरुण एक्का को नोटिस भेजा है। भेजे गए नोटिस में बाबूलाल से कहा गया है कि उनके पास वीडियो से संबंधित जो भी साक्ष्य हैं, वो जांच आयोग को उपलब्ध कराएं। साथ ही आईएएस अधिकारी राजीव अरुण एक्का से कहा गया है कि वायरल वीडियो के बारे में वो जो भी जानते हैं उसे आयोग के सामने 15 जून तक रखें।

बाबूलाल मरांडी ने ही पत्रकार वार्ता कर पत्रकारों को यह वीडियो दिखाया और उपलब्ध कराया था। इसके बाद आईएएस अधिकारी राजीव अरुण एक्का के खिलाफ सरकार ने कार्रवाई करते हुए उन्हें सीएम के प्रधान सचिव और गृह सचिव के पद के पद से हटा दिया था। एक सदस्यीय आयोग बनाने की सूचना कार्मिक विभाग की तरफ से पिछले महीने जारी की गयी थी लेकिन जांच किसके खिलाफ करनी है, वो अधिसूचना में लिखा हुआ ही नहीं था। जारी अधिसूचना में लिखा था कि एक छोटा सा वीडियो क्लिप में महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एक लोक सेवक द्वारा तथाकथित अधिकारी पद के दुरुपयोग से संबंध आरोप एवं इसे जुड़े सभी मामलों की जांच के लिए झारखंड सरकार के आदेश से माननीय मुख्य न्यायाधीश (सेवानिवृत्त) विनोद कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में एक सदस्यीय जांच आयोग का गठन किया गया है।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री के पूर्व प्रधान सचिव और गृह विभाग के पूर्व सचिव रहे आईएएस अधिकारी राजीव अरुण एक्का का एक वीडियो अप्रैल महीने में वायरल हुआ था।

- बाबूलाल से कहा गया है उनके पास वीडियो से संबंधित जो भी साक्ष्य हैं, वो जांच आयोग को उपलब्ध कराएं
- राजीव अरुण एक्का से कहा गया कि वायरल वीडियो के बारे में वो जो भी जानते हैं उसे आयोग के सामने 15 जून तक रखें

### मणिपुर में उपद्रवियों ने 144 हथियार किए सरेंडर, पांच जिलों से कर्फ्यू हटा

**IMPHAL :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अपील के बाद मणिपुर में उपद्रवियों ने 144 हथियार और 11 मैगजीन सरेंडर किए हैं। इनमें एसएलआर 29, कार्बाइन, एके, इंसास राइफल, इंसास एलएमजी एम16 राइफल जैसी हाईटेक राइफल्स और ग्रेनेड भी शामिल हैं। मणिपुर सुरक्षा सलाहकार कुलदीप सिंह ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इंफाल ईस्ट में 102 हथियार और गोलाबारूद मिले हैं। टेंग्नौपाल जिले में 35 हथियार सरेंडर किए गए हैं, जिसमें से 18 सिर्फ मोरे में हुए हैं। इंफाल वेस्ट से 2 हथियार, थौबल से 5 हथियार सरेंडर किए गए हैं। पुलिस के मुताबिक ज्यादातर जिलों में स्थिति सामान्य है। उधर, राज्य के 5 जिलों से कर्फ्यू हटा लिया गया है।



### नेपाल के प्रधानमंत्री प्रचंड ने किए भगवान महाकाल के दर्शन

नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल 'प्रचंड' ने शुक्रवार को दोपहर में उज्जैन पहुंचकर विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग भगवान महाकालेश्वर के दर्शन किए। उन्होंने यहां भगवान महाकाल का पूजन-अभिषेक भी किया। उन्होंने महाकालेश्वर मंदिर में नेपाल से लाए 100 रुद्राक्ष एवं 51 हजार रुपये नकद भेंट स्वरूप चढ़ाए। इस मौके पर उनकी बेटी गंगा दाहाल एवं नेपाल से आए अन्य अतिथियों ने भी भगवान महाकाल के दर्शन किए। इस दौरान नेपाल के प्रधानमंत्री समेत सभी अतिथि शंख, झांझ, डमरू की मंगल ध्वनि सुन अभिभूत नजर आए। महानिवार्णी अखाड़े में महंत विनीत गिरि महाराज ने मंदिर पहुंचने पर उनका सम्मान किया

**प्रधानमंत्री मोदी ने छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक दिवस की 350वीं वर्षगांठ पर किया संबोधित**

## छत्रपति शिवाजी ने गुलामी की मानसिकता को खत्म कर लोगों को राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित किया : PM MODI

**AGENCY NEW DELHI :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन को प्रेरणा और ऊर्जा का स्रोत बताया और कहा कि उन्होंने न केवल आक्रमणकारियों का मुकाबला किया बल्कि जनता में भी यह विश्वास पैदा किया कि स्वयं का राज (स्वशासन) संभव है। उन्होंने गुलामी की मानसिकता को खत्म कर लोगों को राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित किया। प्रधानमंत्री शुक्रवार को वीडियो संदेश के माध्यम से छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक दिवस की 350वीं वर्षगांठ को संबोधित करते हुए अपने विचार रख रहे थे। नागरिकों को प्रेरित और आत्मविश्वासी बनाए रखने की नेताओं की जिम्मेदारी को रेखांकित करते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज के समय देश के आत्मविश्वास के स्तर की कल्पना कर सकते हैं। सैकड़ों वर्षों की गुलामी और आक्रमणों के कारण देशवासियों का आत्मविश्वास सबसे निचले स्तर पर था। आक्रमणकारियों के शोषण और गरीबी ने समाज को कमजोर बना दिया था। प्रधानमंत्री ने कहा, हमारे सांस्कृतिक केंद्रों पर हमला करके लोगों का मनोबल तोड़ने की कोशिश की गई। ऐसे समय में, लोगों में आत्मविश्वास जगाना एक कठिन कार्य था।



वीडियो संदेश के माध्यम से कार्यक्रम को संबोधित करते प्रधानमंत्री मोदी ● एजेंसी

### राष्ट्र कल्याण और लोक कल्याण शिवाजी महाराज के शासन व्यवस्था के मूल तत्व

प्रधानमंत्री ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव में छत्रपति शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक दिवस, हम सभी के लिए नई चेतना, नई ऊर्जा लेकर आया है। उन्होंने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक साढ़े तीन सौ वर्ष पूर्व के ऐतिहासिक कालखंड का एक अद्भुत और विशिष्ट अध्याय है और स्वराज, सुशासन और समृद्धि की महान गाथाएं आज भी हम सभी को प्रेरणा देती हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, राष्ट्र कल्याण और लोक कल्याण शिवाजी महाराज के शासन व्यवस्था के मूल तत्व रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज स्वराज्य की पहली राजधानी रायगढ़ किले के प्रांगण में शानदार आयोजन किया गया है और पूरे महाराष्ट्र में आज का दिन महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने बताया कि इस तरह के आयोजन पूरे साल महाराष्ट्र में आयोजित किए जाएंगे और योजना और क्रियान्वयन के लिए महाराष्ट्र सरकार को बधाई भी दी।

## झारखंड जदयू के प्रभारी अशोक चौधरी पहुंचे रांची

### कार्यकर्ता सम्मेलन में होंगे शामिल



**PHOTON NEWS RANCHI :** बिहार सरकार के भवन निर्माण मंत्री और झारखंड जदयू के प्रभारी डॉ अशोक चौधरी शुक्रवार को सेवा विमान से पटना से रांची पहुंचे। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर जदयू नेता श्रवण कुमार, भगवान सिंह, सागर कुमार, संजय सिंह, उपेंद्र सिंह, अखिलेश राय, मुनेश्वर कुमार एवं रामजी प्रसाद सहित अन्य ने उनका स्वागत किया। चौधरी तीन दिवसीय दौरे पर रांची पहुंचे। इस दौरान वह विभिन्न जिलों में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल होंगे। रांची एयरपोर्ट पर डॉ चौधरी ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि विपक्षी एकता मजबूत हो इसके लिए सार्थक प्रयास नीतीश कुमार के जरिये की जा रही है। इस क्रम में पहले चरण की बैठक 12 जून को पटना में हो रही है, आगे और भी बैठकें होंगी। उन्होंने कहा कि झारखंड में पार्टी की सम्भावनाएं काफी प्रबल हैं। हम संगठन विस्तार के लिए संकल्पित हैं। भाजपा नेताओं की ओर से विभिन्न आरोप लगाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि सबके आरोपों पर प्रतिक्रिया देना आवश्यक नहीं।

# केंद्र के खिलाफ सभी विपक्षी दलों को एकजुट होना होगा : ARVIND

## अरविंद केजरीवाल व भगवंत सिंह मान ने हेमंत सोरेन से की मुलाकात, कई विषयों पर हुई चर्चा

**PHOTON NEWS RANCHI :** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल एवं पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने शुक्रवार को हेमंत सोरेन से रांची में मुख्यमंत्री आवास में औपचारिक मुलाकात की। इसके बाद तीनों ने संयुक्त रूप से पत्रकारों से बातचीत की। केजरीवाल ने कहा कि हेमंत सोरेन के साथ हमारा भाई का रिश्ता है। आपस में हम लोगों ने कई विषयों पर चर्चा की है। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार संविधान से छेड़छाड़ कर रही है। दिल्ली सरकार को काम नहीं करने दे रही। सुप्रीम कोर्ट ने जो शक्तियां दिल्ली की चुनी हुई सरकार को दी थी, भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने वो सारी शक्तियां वापस लेने के लिए एक अध्यादेश पारित किया है। इस अध्यादेश को मानसून सत्र में संसद में पेश किया जायेगा। इस अध्यादेश को हराने के लिए सभी विपक्षी दलों को एकजुट होना होगा। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि लोकसभा में भाजपा बहुमत में है। लेकिन, राज्यसभा में अगर सभी विपक्षी दल एकजुट हो जायें, तो इस अध्यादेश को हराया जा सकता है। अरविंद केजरीवाल ने हेमंत सोरेन को अपना भाई बताते हुए कहा कि उनसे महत्वपूर्ण विषयों पर समय-समय पर चर्चा होती रहती है। अरविंद केजरीवाल ने केंद्र के अध्यादेश को दिल्ली के लोगों के साथ अन्याय बताया। कहा कि केंद्र सरकार ने जो किया, वह दिल्ली की जनता का अपमान है।

उधर, हेमंत सोरेन ने कहा कि केंद्र सरकार गैर भाजपा शासित प्रदेशों पर प्रहार कर रही है। वह इस विषय पर पार्टी में चर्चा करेंगे। दिशोम गुरु शिबू सोरेन से भी चर्चा करेंगे कि आगे क्या कदम उठाना चाहिए। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के कार्यकारी अध्यक्ष श्री सोरेन ने कहा कि बाबा भीमराव आंबेडकर ने जो लोकतंत्र हमें दिया था, उसे बचाने के लिए मजबूती के साथ लड़ाई लड़ेंगे। इसमें सभी लोगों की भूमिका सुनिश्चित करेंगे। बता दें कि दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल मोदी सरकार के इस अध्यादेश के खिलाफ विपक्ष को एकजुट कर रहे हैं। देश की सभी पार्टियों से समर्थन मांग रहे हैं। कई पार्टियों के मुखिया से वह इस संबंध में बात कर चुके हैं। इसी सिलसिले में झारखंड के सीएम से भी समर्थन मांगा है। केजरीवाल के साथ पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और राज्यसभा सांसद संजय सिंह, राघव चड्ढा, दिल्ली सरकार की शिक्षा मंत्री आतिशी मालेर्ना और दिल्ली विधानसभा केसदस्य विनय मिश्र मौजूद थे।



सीएम हेमंत सोरेन के साथ दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल व पंजाब के सीएम भगवंत सिंह मान ● फोटोन नयूज

### मोदी सरकार ने रात के अंधेरे में सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पलट दिया : केजरीवाल

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मोदी सरकार ने दिल्ली के लोगों के जनतांत्रिक हक छीन लिये। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने हमसे बहुत-सी शक्तियां छीन ली थी। 11 मई 2023 को सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली की चुनी हुई सरकार को वो सारी शक्तियां लौटा दीं। लेकिन, 19 मई को रात के अंधेरे में एक अध्यादेश जारी करके मोदी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश को पलट दिया। श्री केजरीवाल ने कहा, उन्होंने (मोदी सरकार ने) कहा कि दिल्ली सरकारको हम काम नहीं करने देंगे। आम आदमी पार्टी के सुप्रीमो ने आगे कहा कि दिल्ली के लोगों को जनतंत्र से बेदखल कर दिया गया। इसके खिलाफ हम सबको मिलकर लड़ना होगा। केजरीवाल ने कहा कि आज दिल्ली के साथ जो हुआ है, कल झारखंड के साथ भी हो सकता है। अन्य राज्यों के साथ भी हो सकता है। इसलिए इस अध्यादेश का डटकर विरोध करना होगा। दिल्ली के सीएम ने दावा किया कि सभी पार्टियों का उन्हें समर्थन मिल रहा है। केजरीवाल ने यह भी कहा कि झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन ने भी उन्हें आश्वस्त किया है कि संसद से सड़क तक वे मोदी सरकार के इस अध्यादेश के खिलाफ आम आदमी पार्टी की लड़ाई को अपना समर्थन देंगे।

### सफल होगी केजरीवाल की मुहिम : हेमंत

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि केंद्र सरकार गैर भाजपा शासित प्रदेशों पर प्रहार कर रही है। वह इस विषय पर पार्टी में चर्चा करेंगे। दिशोम गुरु शिबू सोरेन से भी चर्चा करेंगे कि आगे क्या कदम उठाना चाहिए। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के कार्यकारी अध्यक्ष सोरेन ने कहा कि बाबा भीमराव आंबेडकर ने जो लोकतंत्र हमें दिया था, उसे बचाने के लिए मजबूती के साथ लड़ाई लड़ेंगे। इसमें सभी लोगों की भूमिका सुनिश्चित करेंगे। सोरेन ने कहा कि इस विषय पर सभी राज्यों के साथ चर्चा हो रही है। दिल्ली में झारखंड के भी लोग रहते हैं। बिहार के भी लोग हैं। यूपी, केरल, महाराष्ट्र के लोग हैं। समूचे देश के जनप्रतिनिधि दिल्ली में रहते हैं। ऐसे निर्णय से आने वाले समय में पूरे देश पर असर डालेगा। देश के 80 प्रतिशत लोग जो हमारे देश में किसान और गांव देहात से आते हैं, उनके लिए बहुत ही पीड़ादायक साबित होगा। केजरीवाल पर जो कानून थोपने का प्रयास हो रहा है, उसपर राजनीतिक लड़ाई जरूरी है और जो कदम केजरीवाल जी ने बढ़ाया है, मैं चाहूंगा कि इस मुहिम में सफल हो यही कामना है। हेमंत सोरेन ने कहा कि चुनी हुई सरकार को जिस तरह से अधिकार विहीन किया जा रहा है, यह एक नई परंपरा की शुरूआत हो रही है और देश की अनेकता में एकता पर एक बड़ा प्रहार है। संघीय ढांचे की बात केंद्र सरकार करती है लेकिन कार्य उसके विपरीत होते हैं, जो केंद्र के सहयोगी सरकार नहीं है राज्यों में उनके साथ ऐसा ही व्यवहार हो रहा है। अभी कुछ दिन पहले देश के लोकतंत्र के मंदिर लोकसभा का उद्घाटन हुआ लेकिन उसी मंदिर के चंद दूरी पर कई और घटनाएं भी घटी तो यह सिर्फ गैर भाजपा सरकारों पर प्रहार नहीं है, बल्कि देश की जनता के ऊपर प्रहार है।

### भाजपा लोकतंत्र की हत्या कर रही : भगवंत

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा और आम आदमी पार्टी दोनों ही आंदोलन से निकली हुई पार्टी है तो हमें एक और आंदोलन की जरूरत है। लोकतंत्र और चुनाव को बचाने के लिए हम विपक्ष नहीं हैं, बल्कि देशभक्त हैं और हमें एकजुट होना होगा। उन्होंने कहा कि कोई हम कोई व्यक्तिगत समस्या लेकर नहीं आए हैं। यह लोकतंत्र की जो हत्या हो रही है, देश में उसको बचाने की मुहिम है। पिछले दिनों हमने देखा था कि हमारे पहलवान अपने जीते हुए मंडल को गंगा जी में बहाने के लिए हरिद्वार गए थे। अगर इस पर कोई समाधान नहीं निकला तो अगली बार वे अपनी अस्थियां विसर्जित करने जाएंगे। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि हम किसी निजी काम को लेकर देश में नहीं घूम रहे हैं। लोकतंत्र को बचाने के लिए घूम रहे हैं। कहा कि भाजपा जब चुनाव में नहीं जीतती है, तो तोड़-फोड़ की राजनीति कर सत्ता में आती है। भाजपा लोकतंत्र की हत्या करती आई है। चुनाव में नहीं जीतती है तो जीते हुए लोगों को तोड़ती है। इससे पहले पंजाब के सीएम भगवंत सिंह मान का सीएम हेमंत सोरेन ने भव्य स्वागत किया। पुष्प का बुके देकर हेमंत सोरेन ने अपने आवास पर स्वागत किया।

### भ्रष्टाचार के संरक्षक तीन मुख्यमंत्रियों का हुआ संगम : दीपक प्रकाश

**PHOTON NEWS RANCHI :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास में हुए तीन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, भगवंत मान एवं हेमंत सोरेन की मुलाकात पर तीखी प्रतिक्रिया दी। प्रकाश ने कहा कि भ्रष्टाचार के पोषक और संरक्षक तीन मुख्यमंत्रियों के संगम ने आज भगवान बिरसा मुंडा की पवित्र भूमि को अपवित्र किया है। उन्होंने कहा कि आज नरेन्द्र मोदी सरकार देश में भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस पर काम कर रही है। देशभर में भ्रष्टाचार के खिलाफ केंद्रीय जांच एजेंसियों की दबिश बढ़ी है। इसके कारण भ्रष्टाचारी और उनके संरक्षक बेचैन हैं। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन करने वालों की पोल खुल चुकी है। अन्ना हजारे के आदर्शों को ठेंगा दिखाने वाली आप पार्टी के सरकारों की कथनी और करनी का अंतर उजागर हो चुका है। आज शराब घोटाले में केजरीवाल सरकार के मंत्री रहे मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन जेल की सलाखों में कैद हैं। दीपक ने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री की सरकार भी डेढ़ वर्षों में ही भ्रष्टाचार में आकंठ डूब चुकी है।

### केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा चार जून को आयेंगे खूंटी

**KHUNTI :** केंद्रीय मंत्री भारत सरकार सह सांसद, खूंटी लोकसभा अर्जुन मुंडा रविवार चार जून को खूंटी जिले के विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। जिला सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार ने बताया कि अर्जुन मुंडा पूर्वाह्न 10.30 बजे अड़की प्रखंड के ग्राम गम्हरिया पहुंचेंगे और सांसद निधि से निर्मित पीसीसी पथ उद्घाटन करेंगे। केंद्रीय मंत्री पूर्वाह्न 11.15 बजे अड़की प्रखंड के कोरबा जाएंगे, जहां उनका नागरिक अभिनंदन किया जाएगा। अर्जुन मुंडा अपराह्न 12.05 बजे बीरबांकी जाएंगे और एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय बीरबांकी का भूमिपूजन समारोह में भाग लेंगे और ग्रामीणों के साथ भोजन करेंगे।

# स्वतंत्रता संग्राम में तेलुगू साहित्यकारों का अहम योगदान : Governar

**PHOTON NEWS RANCHI :** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि तेलुगू अत्यन्त मधुर और समृद्ध भाषा है। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में तेलुगू साहित्यकारों और लेखकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने तेलंगाना को समृद्ध सांस्कृतिक विरासत वाला राज्य बताते हुए कहा कि राष्ट्र के विकास में इसने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। राज्यपाल शुक्रवार को तेलंगाना के निवासियों के साथ संवाद स्थापित कर रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि भारत विविधता से भरा एक विशाल राष्ट्र है, जहां विभिन्न जाति, धर्म एवं भाषा के लोग रहते हैं लेकिन हम सब एक हैं और यह पूरी दुनिया में विविधता में एकता का सबसे उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करता है। उन्होंने कहा आप लोग तेलंगाना के निवासी भी झारखंड स्थापना दिवस हर्ष के साथ मनाते हैं। प्रधानमंत्री की पहल पर सभी राज भवन के जरिये राज्य स्थापना दिवस समारोह मनाया जाता है। एक भारत श्रेष्ठ भारत, हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की एक दूरदर्शी पहल है। यह सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के साथ-साथ आपसी एकता की भावना को और प्रगाढ़ करता है। इस अवसर पर राज्यपाल के प्रधान सचिव डॉ नितिन कुलकर्णी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि आप लोग समृद्ध भूमि से आते हैं। झारखंड राज्य से बहुत से लोग चिकित्सा के लिए हैदराबाद जाते हैं। उन्होंने कहा कि आप लोग यहां की संस्कृति को अपनाते हुए अपनी समृद्ध संस्कृति को भी अपनाएं एवं राज्य तथा राष्ट्र के विकास में सक्रिय योगदान देते रहें।



तेलुगू साहित्यकारों का अभिनंदन करते राज्यपाल। ● द फोटोन न्यूज



तेलुगू लेखकों का अभिनंदन करते राज्यपाल। । ● द फोटोन न्यूज

BRIEF NEWS

### राज्यपाल ने सूक्ष्म और लघु उद्योगों को प्रोत्साहित करने पर दिया जोर



**RANCHI :** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि महिलाएं विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं। वे प्रशासनिक, पुलिस, विज्ञान, राजनीति आदि सभी क्षेत्रों में सक्रियता से भाग ले रही हैं। हमारे देश की महिलाओं ने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है। आज महिलाओं का आगे आना बदलते भारत की तस्वीर प्रस्तुत करता है। देश की आधी आबादी महिलाओं की है और सुखद है। राज्यपाल शुक्रवार को फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, रांची में लघु उद्योग भारती, की ओर से आयोजित ह्यमहिला उद्यमी इकाई प्रतिष्ठान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि किसी भी राष्ट्र के विकास के लिए लघु और सूक्ष्म उद्योगों की स्थापना आवश्यक है। कई राज्यों ने इस क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने राज्य के औद्योगिक जगत के लिए इस कार्यक्रम को महत्वपूर्ण बताया तथा चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज से सूक्ष्म, लघु उद्योगों को प्रोत्साहित करने के लिए कहा। राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री निरंतर महिला उद्यमिता पर जोर देर रहे हैं और इस क्षेत्र में महिलाओं को बढ़ावा देने और प्रोत्साहित करने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। महिला उद्यमियों की प्रतिभा को विकसित करने के लिए कौशल विकास और प्रशिक्षण कार्यक्रमों पर बल दिया गया है। उन्होंने कहा कि महिला उद्यमियों को सशक्त बनाने से न केवल आर्थिक विकास में योगदान होता है, बल्कि सामाजिक स्थिति में भी सकारात्मक बदलाव होता है। हमारे राज्य की महिलाएं अत्यंत परिश्रमी हैं और आगे बढ़ने की दिशा में तत्पर हैं। उन्होंने कहा कि जहां चाह है, वहां राह है, आप लोगों के मन में दृढ़ इच्छाशक्ति होनी चाहिए।

### भारत को दुनिया में नंबर वन बनाना है तो मोदी को फिर सत्ता में लाना होगा : कोचे मुंडा

**KHUNTI :** तोरपा के विधायक कोचे मुंडा ने कहा कि यदि भारत को आर्थिक और सामरिक दृष्टिकोण से दुनिया में सर्वोच्च स्थान पर लाना है, तो हमें केंद्र में फिर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार को पूर्ण बहुमत के साथ सत्ता में लाना होगा। विधायक शुक्रवार को तोरपा प्रखंड के कसमार और मरचा में भाजपा के विकास तीर्थ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नौ साल बेमिसाल कार्यक्रम के तहत केंद्र सरकार द्वारा किये गये जन कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का जितना विकास हुआ, उतना विकास कांग्रेस के 70 वर्षों के कार्यकाल में भी नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में कृषि, सड़क, आईआईटी, आईटी, रक्षा, स्वास्थ्य सभी क्षेत्रों में काफी प्रगति की है। विधायक ने कहा कि महज नौ साल में ही प्रधानमंत्री ने सदियों से अट-के-लटके कार्यों को पूरा किया। उन्होंने कहा कि बात गरीबों को आवास देने की हो, या गरीबों को चावल देने अथवा कोरोना वैक्सीन का टीका, देश ने अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकारी की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने और लोगों से जुड़ने के लिए भाजपा विकास तीर्थ कार्यक्रम के तहत गांव-गांव में जन संपर्क अभियान चला रही है। उन्होंने कहा कि पार्टी के निर्देश पर 30 मई से 30 जून तक कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

## भवेशानंद ने कहा कि आपके द्वारा की गई कुछ शारीरिक प्रस्तुति स्वामी विवेकानंद के सपनों को साकार कर रही है

# कुछ स्वार्थी तत्व सरना विषय पर हिन्दू समाज को तोड़ने का कर रहे प्रयास : सुखी उरांव

**PHOTON NEWS RANCHI :** लोहरदगा के शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर में आयोजित 20 दिवसीय प्रथम वर्ष प्रशिक्षण वर्ग का समापन समारोह शुक्रवार को हो गया। समारोह के विशिष्ट अतिथि डॉ सुखी उरांव ने कहा कि समाज में समरसता का भाव लेकर राष्ट्र निर्माण की बात राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ करता है। आज अपने समाज को कुछ स्वार्थी तत्व सरना विषय को लेकर भेद पैदा करने की कोशिश कर हिन्दू समाज को तोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। ऐसे देश-समाज विरोधी शक्ति से हमें सचेत रहना चाहिए।

मुख्य अतिथि स्वामी भवेशानन्द ने कहा कि इस प्रशिक्षण के द्वारा आपके द्वारा किए गए कुछ शारीरिक प्रस्तुति स्वामी विवेकानंद के सपनों को साकार कर रही है। उनका युवाओं से जो आशा थी, जिसकी उन्होंने कल्पना की थी संघ वह साकार कर हिन्दू समाज को बलशाली वैभवशाली बना रही है। मुख्य वक्ता के रूप में उत्तर पूर्व क्षेत्र के क्षेत्र प्रचारक रामनवमी प्रसाद ने शिक्षार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि संघे शक्ति कलीयुगे, इस नाते इस प्रशिक्षण के द्वारा हम अपने को अपने हिंदू समाज को कैसे संगठित कर सकते हैं इस भाव को यहां हम सबने सीखा है। संघ संस्थापक डॉ केशव बलिराम हेडगेवार ने 1925 में संघ की स्थापना की और संघ व्यक्ति निर्माण के द्वारा भारत को परम वैभव पर ले जाने को प्रतिबद्ध है। अपना हिंदू समाज बलशाली हो संगठित हो इस नाते अपना कार्य दैनिक शाखा के माध्यम से व्यक्ति का निर्माण करना है।

उन्होंने कहा कि अपना हिंदू समाज सतत विदेशियों का मुकाबला भी किया। इस निमित अपना इतिहास संघर्षों का इतिहास रहा है। उन्होंने आह्वान किया हम सब एक हो, संगठित हो हम सब श्रेष्ठ हिंदू के नाते एक बने ऐसा भाव हम सभी हिंदू समाज में पुष्ट हो। भारत हिंदू राष्ट्र है इसमें संघ को किसी प्रकार का संशय नहीं है। सत्ता परिवर्तन का साधन नहीं है। विश्व का कल्याण हिंदू संस्कृति से ही संभव है। लोहरदगा में आयोजित इस 20 दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग में कुल 244 शिक्षार्थी जो 92 खंडों 39 नगरों 113 मंडल, 53 बस्ती के 159 स्थानों से उपस्थित थे। इस प्रशिक्षण वर्ग में पेशे से चिकित्सक, वैज्ञानिक प्राध्यापक, अभियंता ब कृषक पेशे के लोग भाग लिए। संबोधन से पूर्व झारखंड के सुदूर क्षेत्र से प्राप्त कर रहे प्रशिक्षार्थी दंड, नियुद्ध, यष्टि, पद विन्यास, दंडयुध, दंड योग, आसन और व्यायाम का सामूहिक प्रदर्शन किया। घोष प्रदर्शन के शिक्षार्थियों ने घोष के अनेक ताल, लय का मनमोहक प्रस्तुति किया।

समारोह में वर्गाधिकारी सकलदेव, क्षेत्र प्रचारक रामनवमी, प्रांत संघचालक सच्चिदानंद लाल मंच पर उपस्थित थे। इनके अलावा लोहरदगा के सैकड़ों गणमान्य बंधु और भगिनी सहित प्रांत के अनेक प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित थे।



समारोह के विशिष्ट अतिथि डॉ सुखी उरांव व संघ के अन्य लोग। ● द फोटोन न्यूज



अतिथियों को सलामी देते संघ के लोग। ● द फोटोन न्यूज

Daily THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
www.thephotonnews.com
Saturday, 03 June 2023


BRIEF NEWS

### अंशिका ने तीरंदाजी में जीता स्वर्ण पदक

**RANCHI :** झारखंड की अंशिका कुमारी ने ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी खेलो इंडिया गेम्स के तीरंदाजी स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता है। 25 मई से तीन जून तक लखनऊ में आयोजित प्रतियोगिता में शुक्रवार को रिकर्व महिला वर्ग के फाइनल में गुजरात की भार्गवी को हराकर स्वर्ण पदक हासिल किया। झारखंड की अंशिका कुमारी कोल्हान यूनिवर्सिटी की छात्रा है। वर्तमान में एकलव्य तीरंदाजी एकेडमी सेल किरीबुरू में तीरंदाजी करती है। स्वर्ण पदक जीतने पर अंशिका को खेल निदेशक डॉ सरोजिनी लकड़ा ने बधाई दी। साथ ही झारखंड के सभी तीरंदाजी प्रशिक्षकों के अलावा झारखंड के खेल प्रेमियों ने बधाई दी।

### स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग समर कैंप का करेगा आयोजन

**RANCHI :** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की ओर से झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के नेतृत्व में प्रोजेक्ट छलांग एल्म्स स्पोर्ट्स फाउंडेशन, पिरामल फाउंडेशन और जिला स्तरीय संस्थाओं के अंतर्गत रांची, खूंटी, सिमडेगा और हजारीबाग में समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस समर कैंप का मुख्य उद्देश्य समुदाय स्तर पर स्पोर्ट्स गतिविधियों के माध्यम से बच्चों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करना है। समुदाय में अभिभावकों और युवाओं के बीच शिक्षा और खेल के प्रति जागरूकता बढ़ाते हुए स्कूल ड्रॉपआउट कम करना है। नए सत्र में अधिकतम बच्चों को स्कूल से जोड़ना, विद्यालय प्रबंधन समिति के माध्यम से विद्यालय और समुदाय के बीच सहयोग की भावना का विकास करना है। 4 सप्ताह तक इस समर कैंप का आयोजन किया जाएगा।

### खेलो विश्वविद्यालय में आरयू की महिला योग टीम ने जीता कांस्य पदक

**RANCHI :** काशी हिंदू विश्वविद्यालय आईआईटी में आयोजित खेलो विश्वविद्यालय गेम्स प्रतियोगिता में रांची विश्वविद्यालय की योग (गर्ल्स) टीम ने कांस्य पदक जीता है। रांची विश्वविद्यालय की गर्ल्स टीम ने शानदार प्रदर्शन किया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो। अजीत कुमार सिन्हा ने इस सफलता पर पूरी टीम को बधाई दी है। उन्होंने योग टीम के सदस्यों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस टीम में आकांक्षा कुमारी, सरिता कुमारी, पम्मी कुमारी, आकृति राज, रिया सेन, कुमारी नीलांजना शामिल थी। टीम की कोच रजनी बक्शी और मैनेजर के रूप में मोहम्मद कैफ्फी थे। कुलसचिव डॉ। मुकुल चन्द मेहता, वीसी की ओएसडी डॉ। स्मृति सिंह, योग विभाग की डायरेक्टर डॉ। मधुलिका वर्मा, योग विभाग के को-ऑर्डिनेटर डॉ। गुरु चरण साहु, स्पोर्ट को-ऑर्डिनेटर राजेश गुप्ता ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी।

### एनएसएस ने मोरहाबादी में चलाया सिंगल प्रयोग प्लास्टिक मुक्त अभियान

**RANCHI :** रांची विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से मिशन लाइफ के तहत सिंगल प्रयोग प्लास्टिक मुक्त अभियान 2 जून को चलाया गया। रांची के मोरहाबाद चलाए गए अभियान में स्वयंसेवकों ने साफ-सफाई की। साथ ही लोगों को जागरूक भी किया गया। आरयू के एनएसएस के कार्यक्रम समन्वयक डॉ ब्रजेश कुमार ने बताया कि पर्यावरण को प्लास्टिक द्वारा भारी नुकसान पहुंचाया जा रहा है।

atomy ATOMY INDIA
RANCHI TEAM
WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24
Roshpa Roshpa Tower,
Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

# मेनरोड में दिनदहाड़े युवक से 3.5 LAKH रुपये की लूट

## बाइक सवार दो अपराधियों ने दिया घटना को अंजाम, CCTV में कैद हुए बदमाश

- मेन रोड गुरुद्वारा के समीप घटी घटना
- एक बैंक से पैसा निकाल कर दूसरे बैंक में जमा करने जा रहा था पीड़ित मोहम्मद महमूद
- लोगों ने खदेड़ना शुरू किया तो बाइक छोड़ पैदल भाग निकले अपराधी


थाने में आवेदन लिखता पीड़ित


पैसे लूटकर भागता पहला अपराधी।


पैसे लूटकर भागता दूसरा अपराधी।

**CRIME REPORTER RANCHI :** राजधानी के लोअर बाजार थाना क्षेत्र के मेनरोड में शुक्रवार को दिनदहाड़े एक व्यक्ति से साढ़े तीन लाख रुपये लूट हो गई। बाइक सवार दो अपराधी घटना को अंजाम देने के बाद फरार हो गया। घटना लोअर बाजार थाना क्षेत्र स्थित मेनरोड गुरुद्वारा के पास की है। बाइक सवार दो अपराधियों ने एक बैंक से पैसा निकाल कर दूसरे बैंक में जमा करने जा रहे मोहम्मद महमूद नाम के व्यक्ति से 3.50 लाख रुपये लूट लिए। लूट की घटना को अंजाम देने के बाद जब अपराधी मौके से फरार हो रहे थे तो कुछ लोगों ने पीछा किया इसी बीच एकरा मस्जिद के पास बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गया और अपराधी पैदल ही एक कर्बला चौक की ओर और एक हिंदपीढ़ी की ओर भाग निकला। जानकारी के अनुसार लूट की घटना को लोअर बाजार थाना क्षेत्र के गुरुद्वारा और कश्मीर वस्त्रालय के बीच भीड़ भाड़ वाले इलाके में अंजाम दिया गया है। सूचना मिलते ही सिटी डीएसपी दीपक कुमार के नेतृत्व में लोअर बाजार थाना की पुलिस मौके पर पहुंच कर पूरे मामले की छानबीन की। इधर, घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरे में पूरा घटनाक्रम कैद हो गया है। दोनों अपराधियों का चेहरा भी दिख रहा है। फुटेज में अपराधियों को पैदल भागते देखा जा सकता है। पुलिस सीसीटीवी कैमरे के आधार पर अपराधियों की पहचान में जुटी है।

**अपराधियों की दुर्घटनाग्रस्त बाइक को पुलिस ने किया जब्त**

घटना स्थल से पुलिस ने अपराधियों द्वारा प्रयुक्त दुर्घटनाग्रस्त बाइक को जब्त कर लिया है। बाइक की रजिस्ट्रेशन नम्बर के आधार पर अपराधियों की खोजबीन की जा रही है। पुलिस को आशंका है कि अपराधी बैंक से ही व्यक्ति की रेकी कर रहा था। पुलिस को दिये बयान में पीड़ित मोहम्मद महबूब ने कहा कि शुक्रवार को सर्जना चौक स्थित एचडीएफसी बैंक से 3.50 लाख रुपए निकालकर अपनी बाइक से पैसे को बैंक आफ बड़ौदा जा रहा था। इसी दौरान दो अपराधियों ने उनसे पैसों भरा बैग लूट लिया और भाग गए। घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी मौके से फरार होने लगे तो स्थानीय लोगों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। भागने के चक्कर में ही दोनों अपराधी बाइक से गिर गए,जिसके बाद दोनों ने अपने बाइक वहीं छोड़कर मौके से फरार हो गए। बताया जा रहा है कि पल्सर बाइक में फर्जी नम्बर लगा हुआ है। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस सीसीटीवी के माध्यम से आरोपियों की पहचान कर रही है। जल्द ही आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

## महिला ने पति सहित चार पर मारपीट और प्रताड़ना की दर्ज कराई शिकायत

**CRIME REPORTER RANCHI :** सदर थाना में एक महिला ने अपने पति सत्य प्रकाश दुबे सहित चार लोगों के खिलाफ मारपीट करने और प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। महिला ने दर्ज प्राथमिकी में बताया है कि उसका विवाह सत्य प्रकाश दुबे से हुआ था। उनका 15 वर्ष का एक पुत्र भी है। महिला ने बताया कि वर्तमान मैं अपने पति, देवर, चचेरे भगना की क्रूरता एवं अत्याचार से काफी तंग आ चुकी हूं। महिला ने बताया कि उसके विरुद्ध देवर विकास दुबे , ननद शिवांगी ,देवरानी करुणा तथा पति का अत्याचार शादी के कुछ माह बाद ही शुरू हो गया था ।लेकिन अपने बच्चे की भविष्य की चिंता करते हुए काफी हद तक बर्दाश्त करती आ रही हूं। कुछ दिनों पूर्व मेरे पति को शराब पिलाकर मेरे देवर विकास दुबे, स्टाफ रोशन और मिक्कू मेरे साथ जबरदस्ती करने की कोशिश की। इस दौरान मेरे पुत्र की वजह से इज्जत बची। परिवार के सभी सदस्य मेरे पुत्र और मेरे साथ मारपीट करते हैं। सदर थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो ने शुक्रवार को बताया कि महिला की ओर से आवेदन दिया गया है। प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस पूरे मामले की जांच-पड़ताल में जुट गई है।

## साइबर ठगी से बचने के बताए गए उपाय

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच द्वारा वेबिनार के माध्यम से साइबर अपराध सुरक्षा को लेकर जागरूकता पर कार्यक्रम किया गया, जिसमें युवा साथियों को साइबर अपराध से संबंधित जानकारी दी गई। वेबिनार का संचालन प्रांतीय महामंत्री युवा सार्थक अग्रवाल ने किया। प्रांतीय अध्यक्ष अरुण गुप्ता ने बताया कि आज के डिजिटलीकरण युग में जहां एक ओर लोग टेक्नोलाजी का प्रयोग जीवन को सुगम बनाने, रोचक एवं जरूरी अविष्कार करने में कर रहे है वहीं कुछ लोग इसका दुरुपयोग कर अपराध को अंजाम दे रहे हैं और एक बड़ा वर्ग जाने-अनजाने में साइबर अपराध की चपेट में आ रहे हैं। वेबिनार के मुख्य अतिथि अनुराग जी गुप्ता, डीजी, सीआईडी व कार्तिक एस, पुलिस अधीक्षक, सीआईडी, झारखंड थे। वेबिनार में नेहा बाला, उपाधीक्षक, सीआइडी झारखंड रांची साइबर थाना एवं सुमित प्रसाद, उपाधीक्षक, देवघर साइबर थाना ने बहुत ही सरलता से साइबर अपराध के तरीके एवं उससे बचने के तरीके बताए।

## रांची में 15 दिवसीय नि:शुल्क ग्रीष्मकालीन बालक-बालिका खो-खो प्रशिक्षण शिविर संपन्न


खो-खो प्रशिक्षण शिविर में शामिल खिलाड़ी व अन्य।

**PHOTON NEWS RANCHI :** जिला खो-खो एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित 15 दिवसीय निःशुल्क ग्रीष्मकालीन बालक-बालिका खो-खो प्रशिक्षण शिविर शुक्रवार को संपन्न हो गया। प्रशिक्षण शिविर धुर्वा के सेक्टर दो स्थित लीची बागान में आयोजित किया गया था, जिसमें पूरे रांची जिले से लगभग 80 बालक - बालिकाओं को खो-खो खेल का बारीकी से अभ्यास कराया गया। सर्वप्रथम सभी खिलाड़ियों को जनरल वार्मअप के बाद खेल से संबंधित स्पेसिफिक व्यायाम, इंडूरेनस टेस्ट, रोड रंनिग एवं सूर्य नमस्कार के माध्यम से खिलाड़ियों के शरीर को फिटनेस के तहत लचीलापन, फुतीर्ला बनाने पर ज्यादा जोर दिया गया। सभी खिलाड़ियों को प्रतिदिन अलग-अलग जानकारी एवं सीनियर, सबजूनियर, महिला खो-खो कोर्ट की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रतिदिन सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण मुख्य प्रशिक्षक अजय झा, राष्ट्रीय खिलाड़ी विवेक कुमार,नवनियुक्त प्रशिक्षित शारीरिक शिक्षा शिक्षक पूनम एक्का, अनीता कुमारी, राजीव उरांव, जयंती एक्का, कुलदीप सोरेंग एवं दुर्गेश बेसरा ने पूर्ण रूप से सहयोग किया। समापन समारोह के अवसर के मुख्य अतिथि रांची जिला खो-खो एसोसिएशन के अध्यक्ष और भाजपा झारखंड प्रदेश महिला अध्यक्षा आरती कुजूर, विशिष्ट अतिथि भाजयुमो रांची महानगर कला एवं खेल प्रकोष्ठ के संयोजक आशुतोष द्विवेदी ने संयुक्त रूप से सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कुजूर ने कहा कि बहुत जल्द सभी प्रशिक्षणार्थियों को जर्सी पेंट अन्य आवश्यक चीजें उपलब्ध कराया जायेगा।

## रिम्स निदेशक कामेश्वर प्रसाद को दी गई विदाई

# डॉ. कामेश्वर ने रिम्स में रिसर्च पर दिया जोर, वे जहां भी जायेंगे झारखंड का नाम रोशन करेंगे : बन्ना


डॉ. कामेश्वर प्रसाद को सम्मानित करते मंत्री बन्ना गुप्ता • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS RANCHI :** रिम्स निदेशक के तौर पर कार्यभार संभालने वाले पद्मश्री डॉ. कामेश्वर प्रसाद ने शुक्रवार को रिम्स को अलविदा कह दिया। नए अकादमिक भवन स्थित लेक्चर थिएटर एक में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने डॉ कामेश्वर प्रसाद की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा रिम्स में रिसर्च पर जोर दिया है और वह इसमें सफल भी हुए हैं। रिसर्च से आने वाले समय में रिम्स को फायदा मिलेगा। डॉ प्रसाद के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि वह जहां भी जायेंगे झारखंड का नाम रौशन करेंगे और रिम्स और स्वास्थ्य विभाग उनसे जुड़ा रहेगा। अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह ने कहा कि डॉ कामेश्वर प्रसाद को जितनी प्रशासनिक सहायता मिलनी चाहिए थी शायद नहीं मिली। बावजूद इसके उन्होंने कोरोना काल से लेकर अभी तक सराहनीय कार्य किया है। उन्होंने कहा कि समयबद्ध निर्णय लेते हुए एक रूपरेखा तैयार कर आगे बढ़ने की आवश्यकता है। रिम्स की व्यवस्था को कैसे सुदृढ़ किया जाए यह आने वाले निदेशक के सामने एक चुनौती होगी।

डॉ कामेश्वर प्रसाद ने कहा कि वह रिम्स से संतुष्ट होकर जा रहे हैं। उन्होंने नियम के विरुद्ध कोई काम नहीं किया। साथ ही कहा कि रिम्स उनकी मां सामान है और इसी भाव से उन्होंने यहां पर कार्य भी किया है। रिम्स में कई उन्नत और अत्याधुनिक मशीनें लगायी गयी हैं जैसे दो सीटी स्कैन मशीन, कैथ लैब, इको मशीन इत्यादि जिसका लाभ मरीजों को मिल रहा है।

**डॉ कामेश्वर प्रसाद का प्रोफाइल**

हजारीबाग में जन्मे डॉ कामेश्वर प्रसाद ने रिम्स के निदेशक के रूप में 2 साल 6 महीना 18 दिन तक अपनी सेवा दी। 1979 में रिम्स से एमबीबीएस करने के पश्चात डॉ प्रसाद ने 1980-83 में एम्स नई दिल्ली से मेडिसीन में पीजी किया। 1983-86 में उन्होंने एम्स से ही डॉक्टरेट ऑफ मेडिसिन (डीएम) न्यूरोलॉजी किया और उसके बाद फैकल्टी के तौर पर 1986-2020 तक एम्स से जुड़े रहे। 1992 में उन्हें राष्ट्रपति द्वारा प्रतिष्ठित नागरिक पुरस्कार पद्मश्री से भी नवाजा गया था।

# बेंगलुरु-हैदराबाद के लिए जुलाई से विमान सेवा होगा शुरू

## रांची एयरपोर्ट सलाहकार समिति की बैठक संपन्न, भविष्य की योजनाओं की दी जानकारी


एयरपोर्ट सलाहकार समिति की बैठक में शामिल संजय सेठ व अन्य।

**PHOTON NEWS RANCHI :** रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट सलाहकार समिति की बैठक शुक्रवार को संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता सांसद संजय सेठ ने की। इस बैठक में यात्री सुविधाओं के विस्तार सहित कई बिंदुओं पर चर्चा हुई। एयरपोर्ट प्रबंधन की तरफ से निदेशक केएल अग्रवाल ने अब तक एयरपोर्ट की उपलब्धियों से बैठक में मौजूद सदस्यों को अवगत कराया। भविष्य की योजनाओं के विषय में भी जानकारी दी। बैठक में प्रमुख रूप से बरसात के मौसम की तैयारियों, सावन महोत्सव की तैयारियों, यात्री सुविधाओं के विस्तार सहित कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा हुई।

बताया गया कि अकाशा एयरलाइंस की ओर से अगले महीने से बेंगलुरु और हैदराबाद के लिए सीधी विमान सेवा शुरू की जाएगी जबकि इंडिगो की ओर से जयपुर और मुंबई के लिए नई विमान सेवा शुरू होगी। एयर एशिया के द्वारा 10 जून से सीधे मुंबई के लिए विमान सेवा शुरू की जाएगी। इसके अलावा इंडिगो के द्वारा नई दिल्ली के लिए 240 यात्रियों की क्षमता वाला विमान सेवा शुरू की जाएगी। जेट एयरवेज ने भी रांची से अपनी सेवा शुरू करने को लेकर संभावनाओं पर विचार किया है। बहुत जल्द इसके परिणाम भी देखने को मिलेंगे।

बैठक में बरसात और गर्मी में यात्रियों को परेशानी नहीं हो, इसे लेकर कैनोपी निर्माण पर भी चर्चा हुई। एयरपोर्ट प्रबंधन ने रांची से हिनू चौक तक का सौंदर्यीकरण कार्य किए जाने की बात कही। सांसद ने एयरलाइंस कंपनियों को कहा कि रांची से देवघर की नियमित विमान सेवा सावन में शुरू की जाए। बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि बोकारो और दुमका से विमान सेवा बहुत जल्द शुरू कर दी जाएगी। विमान यात्रा के किराए में हुई बेतहाशा वृद्धि पर सांसद ने सभी विमान कंपनियों के

# तत्कालीन बीडीओ को शीशम का पेड़ काटकर अपने आवास के लिए फर्नीचर बनाना पड़ा महंगा

## तत्काल प्रभाव से दो माह का वेतन वृद्धि रोकने का आदेश

**PHOTON NEWS RANCHI :** सरकारी आवास के चाहरदिवारी के अंदर लगे शीशम के पेड़ को बिना औपचारिकता पूर्ण किए कटाकर निजी उपयोग करने के मामले तथा प्रखंड विकास पदाधिकारी कुरडेग के सरकारी आवास में रहते हुए अवैध रूप से मकान किराया भत्ता राशि की निकासी करने के मामले में सिमडेगा जिले के कुरडेग के तत्कालीन बीडीओ मनोज कुमार को दंडित किया गया है। तत्काल प्रभाव से उनकी दो माह का वेतन वृद्धि रोकने का आदेश दिया गया है। बता दें कि उपायुक्त सिमडेगा ने दो फरवरी 2017 को ही प्रपत्र क गठित कर कार्रवाई की अनुशंसा की थी।

जांच के दौरान यह बात भी सामने आयी कि शीशम पेड़ कटवाकर अपने निजी उपयोग के लिए फर्नीचर बनवाकर अपने स्थायी आवास पलामू में भेज दिया है। इसकी शिकायत पलामू के तत्कालीन एसडीओ ने भी की थी, जिसके बाद कार्यपालक दंडाधिकारी से इस मामले की जांच कराई गई। जांच में तत्कालीन बीडीओ से भी पूछताछ की गयी। यह बात सामने आयी कि बीडीओ के सरकारी आवास में शीशम का पेड़ मौजूद था,जिसका निचला हिस्सा जमीन पर अभी भी है। बाकी पूरा पेड़ काट दिया गया है। बीडीओ सह अंचल के कर्मचारियों से भी जांच अधिकारी ने विस्तृत पूछताछ की।

जांच में प्रथम द्दष्टया आरोप प्रमाणित पाये जाने के बाद तत्कालीन बीडीओ मनोज कुमार से इस संबंध में स्पष्टीकरण पूछा गया। बिना अनुमति, प्रक्रिया के पेड़ काटने के आरोप में प्राथमिकी भी दर्ज करायी गई थी, इसके अलावा मकान भत्ता लेने के मामले में भी उनसे जवाब-तलब किया गया था।

# 10 साल पुरानी सड़कों का होगा जीर्णोद्धार, मांगा गया प्रस्ताव

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड में 10 साल पहले बनी ग्रामीण सड़कों को चकाचक किया जायेगा। इन सड़कों को प्राथमिकता में पहले पूर्ण किया जायेगा। सबसे पहले यह देखा जायेगा कि कौन सड़क अधिक जर्जर हालात में है उसे पहले बनाया जायेगा। इसके बाद नौ वर्ष, आठ वर्ष, सात-छह, पांच वर्ष करते हुए ग्रामीण सड़कों को दुरुस्त किया जायेगा। इसके लिए ग्रामीण पथ प्रमंडल में पांच वर्ष की कार्ययोजना तैयार की जायेगी। कार्ययोजना के तहत ही सड़क की मरम्मत के लिए सरकार को प्रस्ताव बना कर भेजा जायेगा। जिसके बाद मुख्यमंत्री ग्राम सुदृढ़ीकरण योजना से दुरुस्त किया जायेगा। हालांकि, अपवाद स्वरूप ऐसी सड़कों का भी चयन किया जा सकता है, जो दस वर्ष या कम समय की हो, किन्तु हेवी ट्रैफिक की वजह से आवागमन लायक नहीं है। ग्रामीण कार्य विभाग के इंजीनियर सड़कों को चिन्हित कर मरम्मत का प्रस्ताव भेजेंगे। इसके बाद स्वीकृति इत्यादि की प्रक्रिया पूरी कर इसे बनाने का काम किया जायेगा। राज्य में पीएमजीएसवाइ सहित अन्य सड़कों के निर्माण के बाद पांच साल तक मेटेंनेस किया जाता है। ऐसे में सड़कें दुरुस्त रहती हैं। लेकिन राज्य संपोषित मुख्यमंत्री ग्राम्य सुदृढ़ीकरण योजना में ऐसा नहीं था।

## बीएयू में प्लेसमेंट मेला सह बीएयू इंडस्ट्री मीट 2023 का आयोजन

# विद्यार्थी अपनी क्षमता एवं अनुशासन के बल पर इंडस्ट्रीज सेक्टर के प्रबंधन में बेहतर साबित होंगे : डॉ ओंकार नाथ


दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन करते डॉ ओंकार नाथ • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS RANCHI :** प्लेसमेंट मेला सह बीएयू इंडस्ट्री मीट 2023 का आयोजन किया गया। वर्तमान में सीमित संसाधनों के बावजूद विगत ढाई वर्षो में उच्च शिक्षा एवं कैरियर के क्षेत्र विवि के विद्यार्थियों का प्रदर्शन गर्व का विषय रहा है। करीब चार सौ विद्यार्थियों को विभिन्न प्रतियोगिताओं के ऑनलाइन कोचिंग से जोड़ा गया है। विवि में विद्यार्थियों को क्षमता एवं दक्षता विकास पर विशेष ध्यान दी जाती है। विवि के विद्यार्थी नाबार्ड एवं अन्य अनेकों राष्ट्रीय संस्थानों में बेहतर सेवा दे रहे है। बीएयू के विद्यार्थी अपनी क्षमता, दक्षता एवं अनुशासन के बल पर प्राइवेट एवं इंडस्ट्रीज सेक्टर के प्रबंधन में बेहद बेहतर साबित होंगे। उक्त बातें प्लेसमेंट मेला सह बीएयू- इंडस्ट्री मीट का उद्घाटन के बाद कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह ने कही। कुलपति ने कहा कि रोजगार के मामले में फॉरेस्ट्री पर विशेष ध्यान देने की जरुरत है। हाल के वर्षो में विवि के शैक्षणिक क्षेत्र में अनेकों नये आयाम जुड़े है। इनमें हॉर्टिकल्चर, डेयरी टेक्नोलॉजी एवं एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों का राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय प्रदर्शन रहा है। उन्होंने सबंधित कॉलेज के एसोसिएट डीन से इनके नियोजन की संभावना से सबंधित सुझाव पत्र से राज्य सरकार को अवगत कराने की सलाह दी। मौके पर कुलपति ने काउंसीलिंग एंड प्लेसमेंट द्वारा प्रकाशित प्लेसमेंट पोस्टर एवं स्मारिका का भी विमोचन किया।

# PLFI के चार उग्रवादी गिरफ्तार

## पकड़े गये उग्रवादियों में एरिया कमांडर प्रशांत कुमार उर्फ डब्लू गोप, नीतीश गोप, मिथिलेश गोप उर्फ मिथुन और बाहन गोप उर्फ नंद कुमार शामिल

### हथियार बरामद



गिरफ्तार उग्रवादियों के साथ पुलिसकर्मी। ● द फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS KHUNTI :** प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया(पीएलएफआई)के सुप्रीमो दिनेश गोप की गिरफ्तारी के बाद पुलिस संगठन को झटके पर झटका दे रही है। जिला पुलिस पीएलएफआई के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही और हर दिन पुलिस को नई-नई स्फलता हाथ लग रही है।

इसी कड़ी में पुलिस ने गुरुवार को पीएलएफआई के चार उग्रवादियों को गिरफ्तार कर उनके पास से पिस्टल, गोंली और संगठन का पर्चा बरामद किया है। एसपी अमन कुमार ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि जरियागढ़ थाना के रेगरे जंगल में भ्रमणशील और किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में है। एसपी के निदेश पर एएसपी अभियान, तोरपा कें एसडीपीओ सीआरपीफ बी/94 बटालियन द्वारा गुरुवार को रेगरे जंगल में छापामरी अभियान चलाया गया और चार सक्रिय उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया।

पकड़े गये उग्रवादियों में एरिया कमांडर प्रशांत कुमार उर्फ डब्लू गोप, नीतीश गोप, मिथिलेश गोप उर्फ मिथुन और बाहन गोप उर्फ नंद कुमार शामिल है। इनके पास से पुलिस ने 7.65 एमएम की एक पिस्टल,.315 बोर का एक देसी कट्टा, 13 कारतूस, एक आल्टो कार और एक टेम्पो सहित चार मोबाइल और नक्सली पर्चा तथा चंदा रशीद बरामद किया है।

एसपी ने बताया कि गिरफ्तार एरिया कमांडर को लगभग दो माह पूर्व ही दिनेश गोप ने एरिया कमांडर की जिम्मेदारी सौंप कर क्षेत्र में आतंक फैलाने का निर्देश दिया था। सुप्रीमो के इस निर्देश पर ही अवैध बालू उठाव में लगी एक जेसीबी में आग लगाकर क्षेत्र में दहशत फैलाने का प्रयास किया गया था। हालांकि अगजनी की जिम्मेदारी सुप्रीमो को लेनी थी लेकिन तब तक दिनेश गोप एनआईए की गिरफ्त में आ चुका था।

पीएलएफआई सुप्रीमो ने जब क्षेत्र का एरिया कमांडर की जिम्मेदारी दी उस वक्त प्रशांत कुमार उर्फ डब्लू के पास हथियार नही था लेकिन उसे कामडारा का एरिया कमांडर कोरिया टोपनो ने एक पिस्टल के अलावा कई कट्टे और 30 कारतूस दिये। उसके बाद योजनाबद्ध तरीके से अवैध बालू उठाव कर रही जेसीबी में आग लगा दी और फरार हो गए।

इस घटना में शामिल अन्य नक्सली सदस्यों को पुलिस ने पूर्व में ही गिरफ्तार किया था लेकिन एरिया कमांडर फरार हो गया था। बताया जा रहा है कि बालू माफिया अवधेश यादव और चंदन जायसवाल उर्फ चंदू का जेसीबी को जलाया गया था। चंदू जायसवाल से प्रदीप गोप का लेनदेन को लेकर विवाद चल रहा था। प्रदीप गोप ने दिनेश गोप से संपर्क किया और प्रदीप ने ही प्रशांत को एरिया कमांडर बनाने की पैरवी की। उसके बाद प्रशांत को एरिया कमांडर की जिम्मेदारी दी गई। पीएलएफआई नक्सलियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई से खूंटी में आतंक का पर्याय रहे संगठन के वजूद पर संकट गहराने लगा।

गौरतलब है कि सुप्रीमो दिनेश गोप की गिरफ्तारी से कुछ दिन पूर्व ही जिला पुलिस ने रनिया क्षेत्र से पीएलएफआई के सब जोनल कमांडर और सुप्रीमो के खास सहयोगी रहे इनामी सुखराम गुड़िया को एके 47 राइफल के साथ गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की थी। उसकी निशानदेही पर चाईबासा के गुदड़ी और बंदगांव थाना क्षेत्र के जंगली इलाको से सुप्रीमो के निजी हथियार ऑटोमेटिक जर्मन रायफल एचके 33 सहित अन्य राइफल और हथियार, सैकड़ो गोलियां, दूरबीन सहित अन्य सामान बरामद किये गये थे।

# हजारीबाग में 10 डिसमिल जमीन के लिए ग्रामीणों और पुलिस के बीच हिंसक झड़प, कई घायल

**PHOTON NEWS HAZARIBAGH :** जिले के पदमा थाना क्षेत्र अंतर्गत उरवां मोड़ स्थित रोमी बंगला के पास शुक्रवार को ग्रामीणों और पुलिस के बीच करीब तीन घंटे हिंसक झड़प हुई। इस दौरान कई जवान और ग्रामीण घायल हो गए। पथराव में जवान अमित कुमार सिंह को चोट लगी। एक महिला पुलिसकर्मी भी घायल हो गई। पुलिस को स्थिति पर काबू पाने के लिए अश्रु गैस छोड़ने पड़े। पूरा मामला 10 डिसमिल जमीन से जुड़ा हुआ है। बताया जाता है कि बीएसएफ में सेवा दे रहे जवान प्रकाश कुमार शर्मा को सैनिक बंदोबस्ती के तहत 10 डिसमिल जमीन दी गई थी। उस जमीन पर पहले से ही लोग बसे हुए हैं। जवान ने जमीन अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए प्रशासन को आवेदन दिया था। प्रशासन उस जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए पहुंची, तो उस जमीन पर बसे लोगों ने विरोध कर दिया। विरोध करने के दौरान गांव वालों का भी समर्थन मिला। ऐसे में प्रशासन और ग्रामीण आमने-सामने आ गए। ग्रामीणों ने पुलिस पर पथराव कर दिया। इस कारण स्थिति बेकाबू हो गई। स्थिति को देखते हुए आंसू गैस छोड़ भीड़ को तितर-बितर किया गया।

बीएसएफ में सेवा दे रहे जवान प्रकाश कुमार शर्मा को दिसंबर, 2022 में सैनिक बंदोबस्ती के तहत रोमी गांव में 10 डिसमिल जमीन बंदोबस्ती पट्टा के तौर पर दिया गया। प्रकाश कुमार शर्मा 2023 में ड्यूटी से छुट्टी लेकर अपनी जमीन पर काम कराने के लिए पहुंचे, तो उन्हें स्थानीय लोगों के विरोध का सामना करना पड़ा। 22 साल तक बीएसएफ में सेवा देने वाले जवान ने इसकी लिखित शिकायत डीसी, एसपी, एसडीएम, सीओ और थाने से की। लेकिन उन्हें न्याय नहीं मिला। पदमा ओपी में 107 के तहत मामला दर्ज किया गया और 13 लोगों के खिलाफ उन्होंने शिकायत दर्ज की।इनमें सुनील मेहता, सत्यनारायण मेहता, राजकुमार मेहता, पीरु मेहता, नरेश मेहता, सुरेंद्र मेहता, महरुम मेहता समेत कई अन्य के नाम दिए गए। पहले यह कहा गया कि यह जमीन स्कूल की है। इस कारण इस पर काम करने के लिए नहीं दिया जाएगा। जब स्कूल ने स्पष्ट किया कि यह जमीन उसकी नहीं है, तो स्थानीय लोगों ने सार्वजनिक जमीन कह कर विरोध किया और उस पर निर्माण करने से रोका। इस बात को लेकर प्रशासनिक पदाधिकारी दल बल के साथ उस 10 डिसमिल जमीन को मुक्त कराने के लिए पहुंचे थे, जहां हिंसक झड़प हो गई।

# जान-माल की सुरक्षा के लिए लगाई गुहार, डीसी व एसपी को सौंपा आवेदन

**PHOTON NEWS RAMGARH :** राजेंद्र सोनी (30 वर्ष) पिता स्व चमनलाल स्वर्णकार, सौदागर मोहल्ला निवासी ने डीसी, एसपी से जानमाल के लिए सुरक्षा की गुहार लगाई है। इसके लिए उन्होंने आवेदन में भी दिया है। रामगढ़ कैंट के रहने वाले पंचम महतो एवं अन्य के द्वारा मेरी जमीन पर अवैध रूप से कब्जा करने की नियत से हमारे ऊपर हमला किया गया। इसकी शिकायत भी रामगढ़ थाना में की गई। थाना में आवेदन देने के बाद फिर मारपीट करने की धमकी दी जा रही है।

सूचित भी किया गया है कि मौजा- रामगढ़, सोनार बागी (गढबांध) में भूमि अवस्थित है। जिसका खाता नं 93 109 एवं 72 की भूमि मेरी खतियानी रैयती भूमि है। जिस पर श्रवण दांगी, पिता-चंदर महतो, महेश महतो, पिता-नागो महतो, पंचम कुशवाहा, पिता - परन महतो, शंकर महतो, पिता-भिखारी महतो, सुजित महतो, पिता-गणेश महतो, रामविलाश, जगेश्वर साव, रामचंद्र महतो, पिता-भिखारी महतो, अर्जुन महतो, दिलीप महतो दोनों के पिता-हेमलाल महतो, किशोर महतो, पिता- नामालूम, तरूण साव, कोयरी टोला, मीडिल स्कूल, रामगढ़ कैंट, थाना व जिला-रामगढ़, खतियानी भूमि पर सभी की गिद्ध दृष्टि लगी हुई है। जब भी अपने उक्त खतियानी जमीन पर अपना मकान बनाने के लिए नींव खुदाई व अन्य कार्य करवाने जाता हूं तो ये लोग हमारे जमीन पर आ धमकते हैं तथा मेरे साथ एवं जमीन पर काम कर रहे लोगों के साथ गाली-गालौज व मारपीट करने लगते हैं।

23 मई को ही इन्होंने हम पर हमला कर दिया। हमें काफी गंभीर चोट आई और हमें रामगढ़ सदर अस्पताल में इलाज के लिए भेजा गया। जहां से मुझे गंभीर हालत में इलाज के लिए रिम्स अस्पताल रांची भेजा गया। जहां इलाज हो पाया। मारपीट के आरोपियों पर थाना द्वारा कार्रवाई नहीं किये जाने के कारण उक्त नामित लोगों का मनोबल काफी बढ़ा हुआ है। ये लोग हमारे साथ मारपीट करके और हमें डरा-धमका कर हमारी खतियानी जमीन पर कब्जा करने तथा अवैध रूप से जमीन हड़पने पर आमादा हैं। इनके द्वारा बार-बार दी जा रही धमकियों से मैं तथा मेरा पूरा परिवार काफी डरे हुए है। कभी भी हमारे साथ किसी अप्रिय घटना को अंजाम दिया जा सकता है। नामजद लोगों पर जल्द से जल्द कानूनी कार्रवाई करने की गुहार पुलिस से लगाई है।

# ज्वेलरी दुकान में चोरी करने वाली महिलाओं की तस्वीर आई सामने

## 25 हजार इनाम की घोषणा

**PHOTON NEWS PALAMU :** जिला मुख्यालय मेदिनीनगर के शहर थाना क्षेत्र के पंचमुहान से सटे जैन मंदिर रोड स्थित श्यामली ज्वेलर्स में दिनदहाड़े सोने की चेन गायब करने वाली महिला चोरों की तस्वीर शुक्रवार को सामने आ गई है। दुकान मालिक विपिन कुमार ने तीनों महिलाओं के संबंध में जानकारी देने पर 25 हजार रुपये इनाम की घोषणा की है।



उल्लेखनीय है कि गुरुवार की दोपहर 1.51 बजे तीन अजनबी महिलाओं ने श्यामली ज्वेलर्स में पहले ब्रासलेट और बाद में चेन दिखाने के बहाने 18 कैरेट सोने का 15 ग्राम वजनी चेन चोरी कर ली थी। शहर थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा ने बताया कि मामले में अनुसंधान किया जा रहा है। सीसीटीवी फुटेज से महिलाओं की जो तस्वीर दिखाई गई है, उसके आधार पर महिलाओं की पहचान की जा रही है।

## महिला से छिनतई, लोगों ने आरोपी को दबोचा

**GIRIDIH :** नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत सेंट्रल बैंक की मकतपुर शाखा से शुक्रवार को पैसे निकालकर सब्जी खरीद रही महिला सावित्री देवी का थैला छीन कर भाग रहे शख्स को लोगों ओर सेंट्रल बैंक में तैनात होमगार्ड की मदद से पकड़ लिया गया।

बताया गया कि अरगाघाट निवासी सावित्री देवी पेंशन राशि निकासी के लिए सेंट्रल बैंक आई हुई थी। वह 21 हजार रुपये थैले में रखकर सब्जी खरीद रही थी। इसी बीच वहां से पत्नी के साथ गुजर रहा मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मटरुखा निवासी विकलांग संतोष पंडित ने पैसों से भरा थैला झपट लिया और फरार होने लगा।

महिला ने हो-हल्ला करने पर सेंट्रल बैंक के गार्ड मनोज कुमार चौबे ने अन्य लोगों की मदद से उसे दबोच लिया। पकड़े जाने के बाद संतोष पंडित ने सात हजार रुपये महिला को दे दिया और बाकी के पैसे स्कूटी की डिक्की में छुपा लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने डिक्की से शेष पैसे को भी बरामद कर महिला को सौंप दिया। पुलिस आरोपित को थाना ले गई है।

# राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने गिरिडीह में नाबालिग के साथ दुष्कर्म और हत्या की मांगी रिपोर्ट

**PHOTON NEWS GIRIDIH :** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने गिरिडीह में नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म और उसकी हत्या मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए रिपोर्ट मांगी है। आयोग ने गिरिडीह एसपी को पत्र जारी कर आयोग ने इस मामले से संबंधित पूरी रिपोर्ट आयोग को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।

एसपी को लिखे पत्र में राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि किसी भी



लड़की की हत्या के विरोध में प्रदर्शन करते लोग। ● द फोटोन न्यूज

स्तर पर नाबालिग या उससे जुड़े उनके रिश्तेदारों की पहचान उजागर नहीं होनी चाहिए। आयोग ने अपने पत्र में एसपी को इस मामले में पॉक्सो एक्ट के धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच करने का निर्देश दिया है।

उल्लेखनीय है कि गत 29 अप्रैल को कुएं में नाबालिग स्कूली छात्रा को ग्रामीणों ने बेहोशी की हालत में पाया था। अस्पताल ले जाने के क्रम में उसकी मौत हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपित मो कैफ को घटना के दिन ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है जबकि दो अन्य आरोपित की तलाश जारी है।

## खूंटी में मिशन लाइफ के तहत गोष्ठी का आयोजन

**KHUNTI :** उपायुक्त के निर्देश पर मिशन लाइफ के तहत जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जागरुकता कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को सभी छह प्रखंडों में प्रखंड स्तरीय गोष्ठी का आयोजन किया गया है। जिला जन संपर्क विभाग ने जारी विज्ञप्ति में बताया कि अभियान के दौरान पर्यावरण फ्रेंडली कार्यों के लिए जन मानस को जागरूक किया जा रहा है। इनमें ऊर्जा संरक्षण, जल संरक्षण, प्लास्टिक उपयोग पर रोक, संपोषणीय आहार को अपनाना, कचरे का प्रबंधन, स्वस्थ जीवन शैली को अपनाना तथा ई-वेस्ट का प्रबंधन शामिल है।

# बाराती सवार बोलेरो पलटी, चार घायल

**PHOTON NEWS MADNINAGAR :** हुसैनाबाद प्रखंड के दंगवार-जपला मुख्य पथ पर नदियाईन और बरवाडीह गांव के बीच गुरुवार की देर रात बारातियों से भरी बोलेरो गाड़ी पलट गयी। इसमें सवार चार लोग गंभीर रुप से घायल हो गये। जबकि अन्य लोगों को मामूली चोटें आयी है। घायलों में महादेव चौधरी, पवन चौधरी, पियूष कुमार और रविन्द्र चौधरी शामिल हैं। ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए तत्काल हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मियों की तत्परता से प्राथमिक उपचार के



घायलों का अस्पताल में हालचाल पूछते लोग। ● द फोटोन न्यूज

बाद महादेव, पीयूष और पवन की गंभीर स्थिति देखते हुए बेहतर इलाज के लिये सदर अस्पताल मेदिनीनगर रेफर कर दिया गया है। घायलों के परिजनों ने शुक्रवार को बताया कि बाराती बिहार के रोहतास जिले के बारेंचा गांव से पलामू जिले के विश्रामपुर थाना क्षेत्र के बंदला गांव जा रहे थे। इसी दौरान हुसैनाबाद के दंगवार ओपी क्षेत्र में एक टेम्पो को बचाने के क्रम में बोलेरो अनियंत्रित होकर पलट गई. जिससे उक्त बाराती घायल हो गये हैं।

## क्षेत्र भ्रमण के लिए प्रशिक्षुओं को जेएसएलपीएस से जुड़े प्रशिक्षण संस्थान साही एक्सपोर्ट्स, कांठीटांड, रांची ले जाया गया

# 34 महिलाओं को दिया गया कटिंग और सिलाई का एक माह का प्रशिक्षण

**PHOTON NEWS KHUNTI :** जिले के विभिन्न प्रखंडों से आये 34 प्रशिक्षणार्थियों के एक माह का महिला दर्जी प्रशिक्षण का समापन बैंक ऑफ इंडिया, आर सेटी खूंटी में शुक्रवार को हुआ। प्रशिक्षण के दौरान जमशेदपुर से आयी प्रशिक्षिका अंजना देवी ने प्रशिक्षणार्थियों को विभिन्न प्रकार के वस्त्रों की कटिंग और सिलाई के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने शर्ट, पैंट, कुर्ता, पायजामा, ब्लाउज, नाइटी, पेटीकोट, फ्रॉक, के विभिन्न प्रकार की डिजाइन बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण निःशुल्क और आवासीय था और सभी प्रशिक्षुओं ने अपना भरपूर समय प्रशिक्षण में दिया।

क्षेत्र भ्रमण के लिए प्रशिक्षुओं को जेएसएलपीएस से जुड़े प्रशिक्षण संस्थान साही एक्सपोर्ट्स, कांठीटांड, रांची ले जाया गया। जहां उन्होंने वस्त्रों की कटिंग और सिलाई का व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त किया। अंत में प्रशिक्षण का मूल्यांकन एवं प्रमाणीकरण पीके सिंहदेव और विद्या रानी शुक्ला ने किया। उन्होंने प्रशिक्षुओं से व्यक्तिगत रूप से प्रशिक्षण के बारे में व्यावहारिक ज्ञान की जानकारी ली।

पाठ्यक्रम समन्वयक संजय कुमार ने प्रशिक्षण में प्रशिक्षणार्थियों को व्यवसाय से जुड़े पहलुओं से अवगत कराया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रखंड विकास पदाधिकारी खूंटी यूनिका शर्मा; निदेशक, आरसेटी खूंटी जशन कुजूर; डीपीएम जेएसएलपीएस गौरव जायसवाल; विनीता बरला उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने प्रशिक्षण के दौरान बने विभिन्न प्रकार के वस्त्रों को देख कर कहा कि ये बहुत ही अच्छा प्रशिक्षण था और महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए ऐसा प्रशिक्षण कार्यक्रम बहुत मददगार साबित होगा।

## BRIEF NEWS

### उपायुक्त के जनता दरबार में आए 25 से अधिक मामले



**PALAMU :** उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने शुक्रवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन किया। साप्ताहिक जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आये लोगों की समस्याओं के निवारण के लिए उपायुक्त के समक्ष गुहार लगाई। 25 से अधिक मामलों के आवेदन आये। सभी का फरियाद सुन उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को जांचोपरांत न्याय संगत कार्रवाई करने के निर्देश दिये। जनता दरबार में फरियादियों की ओर से गलत एलपीसी निर्गत करने, गैरमजरूआ जमीन में मकान बनाने, अधिग्रहित भूमि का मुआवजा भुगतान, पेंशन, प्रधानमंत्री आवास, रोजगार,स्वास्थ्य अनुदान नियोजन, मनरेगा अंतर्गत बगैर काम के राशि निकासी, म्युटेशन, राशन आदि से संबंधित आवेदन आये, जिसे डीसी ने मार्क कर संबंधित अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए निष्पादन का आदेश दिया।

### पुलिस और ग्रामीणों के बीच झड़प



**HAZARIBAGH :** पदमा थाना अंतर्गत उरवां मोड़ स्थित रोमी बंगला के पास शुक्रवार को ग्रामीण और पुलिस के बीच करीब तीन घंटे हिंसक झड़प हुई। इस दौरान कई जवान और ग्रामीण घायल हो गए।पथराव में जवान अमित कुमार सिंह को चोट लगी। वहीं एक महिला पुलिस भी घायल हो गई। पुलिस को स्थिति पर काबू पाने के लिए अश्रु गैस छोड़ने पड़े। पूरा मामला 10 डिसमिल जमीन से जुड़ा हुआ है। घटना में चालक इब्राहिम अंसारी सहित एक अन्य पुलिस जवान,महिला पुलिस को गंभीर चोट आई है। कई अन्य जवान भी चोटिल हुए है। ग्रामीणों को उग्र देख कर पुलिस बल को अश्रुगैस का इस्तेमाल करना पड़ा। मौके पर अनुमंडलाधिकारी पूनम कुजूर,पुलिस उपाधीक्षक नजीर अख्तर,सिओ मोजाहिद अंसारी,थाना प्रभारी शिवदयाल सिंह,दंधायकारी सोनू राम,अंचल अमीन अनंत कुमार,प्रधान सहायक रविंद्र कुमार सहित भारी संख्या मे रैफ व पुलिस बल उपस्थित थे।

### खूंटी में सात सौ किलो प्रतिबंधित प्लास्टिक बरामद

**KHUNTI :** खूंटी नगर पंचायत क्षेत्र में सिंगल यूज प्लास्टिक की रोकथाम के लिए कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायती के निर्देश पर नगर पंचायत की टीम ने शुक्रवार को बेलाहाथी रोड में थोक विक्रेता की दुकान में छापेमारी की। इस दौरान लगभग छह से सात सौ किलोग्राम प्रतिबंधित प्लास्टिक बरामद की गई। कार्यपालक पदाधिकारी रवि प्रकाश ने बताया कि सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल करना, खरीद एवं बिक्री करना पूर्ण रूप से प्रतिबंधित है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि प्रतिबंधित प्लास्टिक का इस्तेमाल न करें। छापेमारी अभियान में नगर प्रबंधक आफताब आलम, सुजल कुमार, राजेश कुमार, अजीत कुमार, जगदीश प्रधान, जुबैदा खातून, अंजू देवी आदि शामिल थे।

### विवाद को जड़ से समाप्त कर देती है मध्यस्थता : मनोरंजन कुमार

**KHUNTI :** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष सत्य प्रकाश के मार्गदर्शन शुक्रवार कों विधिक सेवा प्राधिकार के सभा कक्ष में मध्यस्थता पर आधारित मन का मिलन पखवाड़ा विषय पर जागरुकता अभियान चलाया गया। इस अवसर डालसा सचिव मनोरंजन कुमार ने मध्यस्थता पखवाड़ा के संदर्भ में चर्चा करते हुए कहा कि 29 मई से आरंभ यह कार्यक्रम 14 जून तक लगातार चलेगा। मन का मिलन पखवाड़ा के तहत मध्यस्थता के माध्यम से सभी प्रकार के मामलों का निष्पादन किया जा रहा है। साथ ही इस कार्यक्रम का प्रचार-प्रसार जोरों से चल रहा है। उन्होंने कहा कि पखवाड़े के दौरान लोग अपने लंबित पुराने एवं नये मामलों तथा वाद पूर्व मामलों का निष्पादन आपसी सहमति के आधार पर मध्यस्था के माध्यम से करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मध्यस्थता से निकाला गया समाधान विवाद को जड़ से समाप्त कर देता है। इससे धन एवं समय की बचत होती है। दोनों पक्षों को मानसिक त्रास से मुक्ति मिलती है। यह न्यायालय पर अतिरिक्त बोझ को भी खत्म करता है। डालसा सचिव ने लोगों से अपील की कि मध्यस्थता पर आधारित मन का मिलन पखवाड़ा अभियान में अधिक से अधिक लोग उपस्थित होकर अपने मामलों का निःशुल्क एवं त्वरित निष्पादन कराएं।

### गुमलाः शादी समारोह में आयी नाबालिग लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म

**GUMLA :** गुमला थाना क्षेत्र के एक गांव की दसवीं क्लास की नाबालिग छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद गांव में एक बैठक की गई। इसमें पीड़िता और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी गई। जानकारी के अनुसार बुधवार को पीड़िता के गांव में शादी समारोह था, जहां थाना क्षेत्र के गांव से बारात आयी हुई थी। शादी में नाच गाना चल रहा था। देर रात तक नाच गान के बाद रात 11:00 बजे पीड़िता को उसके बगल गांव से आए दो युवकों ने अपने कब्जे में कर लिया। इसके बाद पीड़िता को उसका मुंह बंद कर मारपीट करते हुए स्कूटी में बैठा कर आम के बगीचा में ले जाया गया, जहां दोनों युवकों ने उसके साथ दुष्कर्म किया। फिर फोन कर अपने तीन अन्य दोस्तों को भी बुला लिया। इसके बाद पांचों ने फिर सामूहिक दुष्कर्म किया। इस दौरान पीड़िता चिल्लाते रही मगर आरोपियों ने उसे नहीं छोड़ा। रात करीब एक बजे पीड़िता को आरोपितों ने छोड़ दिया। इधर शादी समारोह से घर नहीं लौटने के बाद उसके परिजन चिंतित हो गए और उसे ढूंढने लगे। लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। इसी बीच पीड़िता रोती बिलखती आई और अपने परिजनों को पूरी घटना की जानकारी दी । वहीं पीड़िता दो आरोपितों को पहचान ली। इसके बाद गुरुवार को गांव में बैठक कर मामले की जानकारी दी गई ।लेकिन आरोपितों के परिजन पीड़िता के परिजन को ही डराने धमकाने लगे। इसके बाद शुक्रवार कि सुबह पीड़िता और परिजन गुमला थाना पहुंचे , जहां आवेदन देकर घटना की जानकारी दी और आरोपितों पर कार्रवाई की मांग की गई।

### गुमला में पांच लाख का इनामी नक्सली लाजिम अंसारी ढेर

**GUMLA :** चैनपुर थाना क्षेत्र के टोंगो जंगल में प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा(माओवादी) के पांच लाख का इनामी सबजोनल कमांडर लाजिम अंसारी शुक्रवार की शाम पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में मारा गया। जबकि तीन नक्सली फरार हो गये। दो दिनों में सुरक्षा बलों को दूसरी बड़ी सफलता मिली है। इससे पहले गुरुवार को आंजन जंगल में हुई मुठभेड़ में पुलिस ने दो लाख के इनामी नक्सली राजेश उरांव को मार गिराया था। वहीं एमसीसीआई अब पूरी तरह बैकफुट पर आ गई है। अब इस जिले में दो ही इनामी नक्सली खूदी मुंडा(पांच लाख) रंथु उरांव (5 लाख) बच गये हैं। जिले के चर्चित व सनसनीखेज शैलेश तिवारी हत्याकांड को अंजाम देने के बाद लाजिम अंसारी भाकपा (माओवादी) संगठन में शामिल हो गया था। वह पिछले सात-आठ साल से पुलिस महकमा के लिए सरदर्द बना हुआ था। लाजिम अंसारी गुमला थाना क्षेत्र के पनसो गांव का रहने वाला था। मुठभेड़ के बाद भी पुलिस का सर्च अभियान जारी है।

BRIEF NEWS

## बिजली समस्या को ले अधीक्षण अभियंता से मिले सांसद



**Jamshedpur :** ग्रामीण क्षेत्रों की विद्युत समस्या को लेकर शुक्रवार को जमशेदपुर सांसद विद्युत वरण महतो विद्युत अधीक्षण अभियंता दीपक कुमार से मिले. सांसद ने मुख्य रूप से हड़िया जियान के पास और लोढाशोली, बेलाजुड़ी में सब स्टेशन और पटमदा में पावर ग्रिड निर्माण की मांग के साथ ही जुगसलाई विस क्षेत्र की समस्याओं को भी रखा. सांसद ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि अभी बिजली विभाग का ट्रांसफॉर्मर रिप्लेस सिस्टम ठीक ठाक है. लोड शेडिंग समेत अन्य मुद्दों पर अधीक्षण अभियंता से चर्चा हुई हैं. विद्युत एसई ने कहा है कि मजबूरन लोड शेडिंग करना पड़ता है. सभी सब स्टेशन की मरम्मत मानसून से पूर्व हो जाएगी. बिजली विभाग 24 घंटे एक्शन मोड में है. आंधी तूफान के बाद भी रिकॉर्ड टाइम में आपूर्ति सामान्य किया जाता है. ग्रामीण क्षेत्र में बिजली पोल की समस्या है. कई क्षेत्र में बांस-बल्ली से बिजली घरों तक पहुंचाया गया है. तालाब और किसी के घर के ऊपर से गुजर रही बिजली तार को स्थानांतरित करने का निर्देश दिया गया है. मुसाबनी और जादूगोड़ा के पहाड़ी क्षेत्र में विद्युतकरण का काम चल रहा है. उन्होंने बताया कि हड़िया जियान के पास और लोढाशोली, बेलाजुड़ी में सब स्टेशन का प्रस्ताव भेजा गया है. पटमदा में एक ग्रिड निर्माण की बात सांसद विद्युत वरण महतो ने रखी है.

## विश्व पर्यावरण दिवस पर ग्रीन-ए-थॉन का आयोजन कल



**Jamshedpur :** टाटा स्टील द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ग्रीन-ए-थॉन दौड़ का आयोजन 4 जून (रविवार) को जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में सुबह 6:00 बजे से आयोजित किया जाएगा. इसके लिए जमशेदपुर के सभी नागरिक अपना पंजीकरण करा सकते हैं. दौड़ को जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स से झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा और यह जुबली पार्क के परिधीय मार्ग को कवर करेगा. पर्यावरण से जुड़े मुद्दों पर जागरूकता का प्रसार करने के लिए हर साल 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है. हर साल संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण संरक्षण की दिशा में किए जा रहे कार्यों को बढ़ावा देने के लिए नए विषयों पर ध्यान केंद्रित करता है. इस साल पर्यावरण दिवस का थीम बीट प्लास्टिक पोल्यूशन अर्थात प्लास्टिक से होने वाले प्रदूषण को मात देना है.

# को-ऑपरेटिव कॉलेज में लगा NCC शिविर

## 10 दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में सैकड़ों की संख्या में कैडेट्स हुए शामिल





को-ऑपरेटिव कॉलेज में प्रशिक्षण शिविर के दौरान उपस्थित एनसीसी कैडेट • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** 37 झारखंड बटालियन एनसीसी, जमशेदपुर के द्वारा 10 दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर-' का जमशेदपुर को ऑपरेटिव कॉलेज जमशेदपुर में इस कैंप का विधिवत उद्घाटन शुक्रवार को 37 झारखंड बटालियन एनसीसी के कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल गौरव मिश्रा ने किया। उन्होंने अपने अनुबोधन में एनसीसी कैडेटों का स्वागत करते हुए कहा कि शिविर का मुख्य मकसद एक अच्छे इंसान के साथ-साथ एक जिम्मेदार नागरिक की भूमिका प्रत्येक क्षण निभाते रहें। उन्होंने कैडेटों को उत्साहित करते हुए कहा कि इस शिविर में विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के साथ साथ राइफल शूटिंग, परेड, मैप रीडिंग, जैसे विभिन्न साहसिक प्रशिक्षण दी जाएगी। जिससे कैडेट्स जीवन के लक्ष्य को हासिल करने में सफल हो। उन्होंने विभिन्न स्कूलों एवं कॉलेजों के कैडेटों का बेहतरीन प्रदर्शन के लिए उन्हें पुरस्कृत किए जाने की बात कही साथ ही साथ 1 कैडेट की सीडीएस के एसएसबी में चुनाव होने पर पूरे 37 झारखंड बटालियन एनसीसी के लिए गर्व की बात है। इस तरह अन्य कैडेट्स भी अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करके रहे। ्सीआईएसएफ के कमांडेंट विवेक शर्मा के द्वारा कैडेटों को प्रोत्साहित करते हुए सशस्त्र सेना में कैसे भाग ले सकते हैं महत्वपूर्ण बातों से अवगत कराते हुए कैडेटों को उनके जीवन के लक्ष्य को कैसे प्राप्त कर सकते हैं इसके लिए वे साहसिक एवं कड़ी मेहनत करते रहे और अपने लक्ष्य को प्राप्त करें। कमांडेंट शर्मा के संबोधनों से कैडेटों में काफी जोश नजर आई जिससे वे काफी प्रभावित हुए। इस कैंप का सफल संचालन एवं पूर्ण सहयोग के लिए जमशेदपुर कोऑपरेटिव कॉलेज के प्राचार्य डॉ अमर सिंह एवं सीटीओ स्वरूप मिश्रा का आभार और धन्यवाद व्यक्त किए।

ज्ञात हो कि, यह कैंप गत 1 जून 2023 से 10 जून 2023 तक चलेगा। इस कैंप में सरायकेला खरसावां, पश्चिमी सिंहभूम एवं पूर्वी सिंहभूम जिले के विभिन्न स्कूलों एवं कॉलेजों के बालक वर्ग के 400 एवं बालिका वर्ग के 200 कुल मिलाकर 600 एनसीसी कैडेट्स भाग ले रहे हैं। इस कैंप में विभिन्न स्कूलों एवं कॉलेजों के 12 एनसीसी ए एन ओ अधिकारी एवं 23 पी ई स्टाफ मौजूद थे।

# अपनी ही भतीजी को हवस का शिकार बनाना चाहता था चाचा

## विरोध करने पर पिता की कर दी पिटाई

- मामला पहुंचा पुलिस के पास, भतीजी के साथ तीन बार कर चुका है दुष्कर्म का प्रयास

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** शहर में चाचा और भतीजी के रिश्ते को कलंकित करने वाला मामला सामने आया है. गोलमुरी का रहने वाली एक लड़की ने अपने ही चाचा असीम होर से परेशान होकर पुलिस से शिकायत की है. लड़की की मानें तो उसका चाचा तीन बार दुष्कर्म का प्रयास भी कर चुका है. शुक्रवार को भी चाचा असीम होर ने कुछ इसी तरह की हरकत की. इसका विरोध करने पर पिता पर ही बाल्टी से हमला कर दिया. घटना में पिता को काफी चोटें आयी है जिनका इलाज एमजीएम अस्पताल में कराया गया. घटना के बाद मामला एसएसपी ऑफिस तक पहुंचा. घटना के संबंध में भुक्तभोगी परिवार के लोग आरोपी चाचा के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग एसएसपी से कर रहे हैं. परिवार वालों ने आरोपी व्यक्ति पर धमकाने का भी आरोप लगाया है.

**नामदा बस्ती का रहनेवाला है आरोपी:** लड़की की मानें तो उसका चाचा गोलमुरी नामदा बस्ती का रहनेवाला है. अधेड़ हो गया है, लेकिन उसने अभी तक शादी नहीं की है. बिना शादी किये हुये ही उसने दो औरतों को अपने घर पर रखा हुआ है. शुक्रवार के पहले उसका चाचा दो बार दुष्कर्म करने का प्रयास कर चुका है. इसके पहले तक तो परिवार के लोगों ने किसी तरह की शिकायत थाने पर जाकर नहीं थी, लेकिन शुक्रवार को मामला कुछ ज्यादा ही बढ़ जाने के कारण भतीजी परिवार के लोगों के साथ एसएसपी ऑफिस पहुंची और लिखित शिकायत की.

## बीडीओ ने की मनरेगा योजना को ले बैठक

**Jamshedpur :** प्रखंड कार्यालय सभागार में शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमार एस अभिनव ने मनरेगा को लेकर विभाग के अभियंता एवं कर्मचारियों के साथ बैठक की. बैठक के दौरान बीडीओ ने मनरेगा से संचालित योजनाओं का पंचायतवार जानकारी लेने के बाद कर्मचारियों को निर्देश दिया कि प्रखंड में जितने भी योजना चल रहे हैं उन योजना में अधिक से अधिक मजदूरों को जोड़ा जाए. साथ ही साथ जिन मजदूरों का जॉब कार्ड के साथ आधार लिंक नहीं हुआ है उसे तत्काल आधार लिंक कराएं. आधार लिंक होने से मजदूरों की मजदूरी का पैसा सीधे उनके खाते में जा सकेगा. इसके अलावा योजना की प्रगति पर रिव्यू किया गया. बीडीओ ने जल्द से जल्द योजना पूर्ण करने का निर्देश दिया.

# रिटायर्ड प्रधानाध्यापक निजामुद्दीन को हज के लिए किया गया विदा



**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** टाटानगर रेलवे स्टेशन से जमशेदपुर के रहने वाले बावंगोरा उर्दू प्रार्थमिक विद्यालय के रिटायर्ड हेड मास्टर निजामुद्दीन को हज्ज के लिए रवाना करने के लिए टाटानगर रेलवे स्टेशन बिदाई देने आजादनगर थाना शांति समिति के मुख्तार आलम खान उपस्थित थे।आज जमशेदपुर के सभी आजमीन ए हज की दूसरी टोली कोलकाता के लिए रवाना हुई जो चार जून के शाम पांच बजे उड़ान भरेंगे।इस अवसर पर जीआरपी थाना प्रभारी गुलाम रब्बानी खान,आरक्षी सिपाही जितेंद्र ने हज पर जाने वाले हाजियों को विदाई दिया।इस अवसर पर हज पर जाने वाले जेआरडी स्पोर्ट्स के फिरोज खान,थड़कीडीह बारी मस्जिद के इमाम अमीरूल हसन,आम बगान मस्जिद के इमाम जैनुल आबेदीन, कबीर मेमोरियल उर्दू हाई स्कूल के शिक्षक मोहम्ममद गुलरेज और भी बहुत सारे हाजियों को विदाई दी गई इस अवसर पर बिदाई देने वाले मुख्य रूप से जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स के हसन इमाम मल्लिक, मोहम्मद शमशेर आलम,ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के मोहम्मद अफताब आलम और सारे हाजियों के अभिभावक मौजूद थे।

## अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत

# जिन लोगों का मकान तोड़ा गया वह पहुंचे डीसी के पास



उपायुक्त कार्यालय परिसर में ककरीपाड़ा के लोग • फोटोन न्यूज

- बोले, हम अनुसूचित जनजाति से आते हैं हमें जमीन दी गई थी पट्टे पर

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** गोविंदपुर थाना अंतर्गत ककरीपाड़ा से कल जिला प्रशासन के द्वारा अवैध रूप से बनाए गए 8 मकानों का बुलडोजर लगाकर तोड़ दिया गया था।

जबकि गांव वालों का कहना है कि हम लोग अनुसूचित जाति में आते हैं और कुछ लोगों को पास बंदोबस्ती का पट्टा दिया गया है जबकि कुछ लोगों को बंदोबस्ती पट्टा नहीं दिया गया है और प्रशासन उन्हें निर्गत भी नहीं किया है। आज ककरीपाड़ा के लोग आज उपायुक्त कार्यालय पर पहुंचे और जमशेदपुर उपायुक्त से वैकल्पिक व्यवस्था करने की गुहार लगाई।

ग्रामीणों का कहना है। इस चिलचिलाती धूप में हमारे घर तोड़ दिया यह गए हैं। तो हम जाएं तो जाएं कहां और यह लोग अनुसूचित जाति में आते हैं।

## धालभूमगढ़ : लोयला स्कूल परिसर में दीवार तोड़कर घुसे 10 हाथी

**Jamshedpur :** धालभूमगढ़ प्रखंड के चोइरा स्थित लोयला स्कूल परिसर में शुक्रवार को 10 जंगली हाथी स्कूल की दीवार तोड़कर स्कूल में घुस आए. लोयला स्कूल परिसर काफी बड़ा है और इसमें विभिन्न प्रजाति के पेड़ (जंगल झाड़) लगे हैं. हाथियों को खदेड़ने के लिए ग्रामीणों ने स्कूल परिसर स्थित जंगल में आग लगा दी. जंगल में आग तेजी से फैलने लगी. सूचना पाकर वन विभाग की टीम पहुंची और फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई. इसके बाद दो दमकल पहुंचे और वन कर्मियों ने ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पा लिया. जानकारी के मुताबिक फिलहाल विद्यालय में बच्चे नहीं हैं. विद्यालय के आस-पास के गांव के ग्रामीण हाथियों के कारण दहशत में हैं. जानकारी हो कि यह विद्यालय हाईवे 18 और रेलवे लाइन के बीच में है. विद्यालय के आसपास साल के घने जंगल हैं. इन जंगलों में अक्सर जंगली हाथी आते रहते हैं.

# 17 वर्ष पुराने मामले में न्यायालय में हाजिर हुए भाजपा के नेता



कोर्ट परिसर में उपस्थित भाजपा नेता • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** 17 वर्ष पूर्व हुए मुकदमे में तत्कालीन भाजपा नेताओं ने शुक्रवार को जमशेदपुर जिला सत्र न्यायालय में उपस्थित होकर अपने ऊपर हुए मुकदमे को झूठा बतलाते हुए केस को चार्ज करवाया. विदित हो कि आज से सतरह वर्ष पूर्व आजसू पार्टी के तत्कालीन राज्य में मंत्री चंद्रप्रकाश चौधरी के मानगो चौक पर लगे होर्डिंग पोस्टर जलाने के आरोप में आजसू पार्टी के द्वारा मुकदमा दर्ज कराया गया था.

मामले में कुल दस लोगों को अभियुक्त बनाया गया था. समय अधिक बीत जाने के कारण इसमें तीन लोगों का निधन हो चुका है, जबकि आरोपी जगदीश सिंह मुंडा पछघात के शिकार हो गए हैं. मुकदमे में आरोपी चंद्रभान सिंह, नारायण दास रजक एवं तारक मुखर्जी का निधन हो जाने के कारण तीनों आरोपी का मृत्यु प्रमाण पत्र न्यायालय में अधिवक्ता राजहंस तिवारी के द्वारा जमा किया गया.

पक्षघात के शिकार जगदीश सिंह मुंडा चलने और बोलने में असमर्थ होने के कारण उन्हें व्हीलचेयर में बड़ी मुश्किल से जज के सामने लाया गया. चारों और बैरिकेडिंग रहने के कारण लगभग दो घंटे के मशक्कत के बाद जगदीश सिंह मुंडा न्यायालय में उपस्थित हो पाए. न्यायालय में आरोपी विकास सिंह ने बताया चंद्र प्रकाश चौधरी राज्य सरकार में पेयजल स्वच्छता मंत्री थे. मानगो में बनने वाली पेयजल आपूर्ति योजना का कार्य आरंभ नहीं हो रहा था, जिसका लोगों में काफी आक्रोश था. मानगो के लोगों ने पानी के अभाव में आक्रोशित होकर चंद्र प्रकाश चौधरी का मानगो चौक में लगा हुआ पोस्टर बैनर को आग के हवाले कर दिया था. इस पर आजसू पार्टी ने भाजपा के नेता विकास सिंह, सुबोध श्रीवास्तव, मुकुल मिश्रा, विजय तिवारी, गंगा प्रसाद साहू, नीलकमल शेखर, जगदीश सिंह मुंडा, चंद्रभान सिंह, नारायण दास रजक एवं तारक मुखर्जी के ऊपर नामजद मुकदमा दर्ज किया था. सभी न्यायालय से जमानत पर है. काफी समय बीत जाने के कारण कोर्ट ने मामले को संज्ञान लेते हुए मुकदमे को चार्ज करा कर इसे समाप्त करने का फैसला लिया. सारे लोग आज एकजुट होकर न्यायालय में हाजिर होकर मुकदमे को चार्ज करा कर अपने आप को निर्दोष बताते हुए न्यायालय को बा ईज्जत बरी करने का गुहार लगाया. सारे आरोपी की ओर से अधिवक्ता राजहंस तिवारी ने न्यायालय में पैरवी करते हुए आरोपियों को निर्दोष बताया.

# वर्कर्स कॉलेज में शुरू हुआ समर कैंप



**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** वर्कर्स कॉलेज में शुक्रवार से सात दिवसीय समर कैम्प का शुभारंभ हुआ। यह समर कैम्प प्रतिदिन सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक, 8 जून तक चलेगा। इस बीच प्रतिदिन एक-एक घंटे के तीन सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिस में विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, स्पोकेन इंग्लिश, म्यूजिक थेरेपी, गाइडेंस एंड काउंसलिंग, मैजिक शो इत्यादि विषयों से संबंधित सत्र होंगे। कैम्प के पहले दिन आज पहले सत्र में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सत्यप्रिय महालिक ने दीप प्रज्वलित कर समर कैंप की शुरूआत की। समर कैम्प के प्रभारी, हिन्दी विभाग के प्रो. हरेन्द्र पंडित ने सभी का स्वागत किया एवं समर कैंप के बारे में जानकारी दी। दूसरे सत्र में प्राचार्य डॉ. सत्यप्रिय महालिक ने प्रतिभागियों को कई उदाहरणों एवं अपने अनुभवों के द्वारा व्यक्तित्व विकास से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ दी। तीसरे सत्र में वोकेशनल विभाग के प्रो. अमित कुमार मेहता ने प्रतिभागियों को व्यावहारिक अंग्रेजी ज्ञान की वृद्धि के लिये स्पोकेन इंग्लिश के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। समर कैम्प को लेकर विद्यार्थियों में बहुत उत्साह देखा गया। इस कैंप भाग लेने के के लिए दर्जनों विद्यार्थियों ने अपना पंजीयन करवाया है। समर कैम्प के दूसरे दिन, कल प्रथम सत्र में विज्ञान के विभिन्न प्रयोगों के बारे में प्रतिभागियों को बताया जाएगा।

## जेईई एडवांस्ड क्वालिफाइड कैंडिडेट्स के लिए काउंसिलिंग करेगा जोसा

# जमशेदपुर के दो केंद्रों पर होगी जेईई एडवांस्ड परीक्षा, 800 से अधिक परीक्षार्थी होंगे शामिल



**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** जेईई एडवांस की परीक्षा आगामी 4 जून को है. इस परीक्षा के लिए शहर में 2 केंद्र बनाए गए हैं. इनमें कदमा स्थित डीबीएमएस करियर एकेडमी और मानगो बिग बाजार के निकटस्थ ईऑन डिजिटल जोन शामिल है.

इन दोनों केंद्रों पर लगभग 800 से अधिक परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे. परीक्षा दो पाली में होगी. पहली पाली मैं सुबह 9:00 से दोपहर 12:00 बजे तक पेपर वन की परीक्षा होगी, जबकि दूसरी पाली में दोपहर 2:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक पेपर 2 की परीक्षा होगी. आगामी 9 जून को जेईई एडवांस की वेबसाइट पर परीक्षार्थियों की कॉपी उनके रिस्पांस के लिए जारी की जाएगी. उसके बाद आगामी 11 जून को वेबसाइट पर प्रोविजनल आंसर की जारी की जाएगी. परीक्षा के अंतिम रिजल्ट का प्रकाशन 18 जून को किया जाएगा।

**एडमिशन के लिए काउंसिलिंग की तिथि तय, 20 जून से रजिस्ट्रेशन:** देश के 23 आईआईटी, 31 एनआईटी, 26 ट्रिपल आईटी व 29 गवर्नमेंट फंडेड इंस्टीट्यूट की 36 हजार सीटों पर नामांकन के लिए काउंसिलिंग की तिथि घोषित कर दी गई है। 20 जून से रजिस्ट्रेशन होगा। ज्वाइंट सीट एलोकेशन अथॉरिटी (जोसा) ने यह घोषणा की है। छह राउंड में काउंसिलिंग होगी। अथॉरिटी ही जेईई मेन और जेईई एडवांस्ड क्वालिफाइड कैंडिडेट्स के लिए काउंसिलिंग करेगा।

वहीं 23 आईआईटी संस्थानों में जेईई एडवांस्ड रैंक के आधार पर एडमिशन होगा। अन्य संस्थानों में जेईई मेन रैंक के आधार पर एडमिशन होनी है। रजिस्ट्रेशन, च्वाइस फिलिंग, मॉक अलॉटमेंट और सीट अलॉटमेंट की प्रक्रिया के साथ एडमिशन संपन्न होगा।

**स्लाइड का ऑप्शन कर सकते हैं अप्लाई:** फर्स्ट लिस्ट में मनपसंद ब्रांच नहीं मिलने पर तो स्लाइड विकल्प चुन सकते हैं। एक ही संस्थान में दूसरी ब्रांच के लिए स्लाइड ऑप्शन चूज कर सकते हैं। इससे काउंसलिंग के दौरान सीट खाली होने पर चुनी हुई ब्रांच मिल जाएगी।

### ऐसे होगी प्रक्रिया पूरी

- जेईई मेन एप्लिकेशन नंबर और पासवर्ड अपने पास रखें।
- कॉलेज और कोर्स को सलेक्ट करें।
- मॉक सीट अलॉट होगी, अपनी सीट लॉक करें।
- अब 2 हजार प्रोसेसिंग फीस जमा करनी होगी।

# पॉलिटेक्निक प्रवेश परीक्षा का परिणाम हुआ जारी



- इस बार छात्रों का आंसर ओएमआर शीट भी स्कैन कर वेबसाइट पर अपलोड किया गया
- इस परीक्षा परिणाम के आधार पर अभ्यर्थियों का लिया जाएगा साक्षात्कार

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद ने पॉलिटेक्निक प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। इस परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थी पर्षद की वेबसाइट पर जाकर अपना परीक्षा परिणाम डाउनलोड कर सकते हैं। परीक्षा परिणाम को पारदर्शी बनाने के मद्देनजर सभी परीक्षार्थियों का आंसर ओएमआर शीट को स्कैन कर वेबसाइट पर अपलोड किया गया है छात्र 5 जून से इसे डाउनलोड कर सकेंगे। झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद की ओर से कहा गया है कि इस परीक्षा परिणाम के आधार पर अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया जाएगा जिसकी तिथि जल्द ही घोषित की जाएगी। अधिक जानकारी के लिए विद्यार्थी http://jceceb.jharkhand.gov.in पर विजिट कर सकते हैं।

# धनाढ्य प्रवासी भारतीय और राहुल गांधी की ओछी सियासत



पिछले तीन दशकों में भारतीय राजनीति में दो महत्वपूर्ण बदलाव महसूस किए जा रहे हैं। इन्हें नई आर्थिक नीतियों का राजनीतिक साइड इफैक्ट्स कहा जा सकता है। पहला, नेताओं व उनके भरोसेमंद कार्यकताओं के बीच विश्वास दिन ब दिन घटता जा रहा है और ग्लोबल-नेशनल पीआर एजेंसी इस जगह को तेजी से भरती जा रही हैं। दूसरा, राजनेताओं और नौकरशाहों की अंदरुनी सांठगांठ औद्योगिक घरानों व कारोबारियों से बढ़ती जा रही है और उनके मनमाफिक कानून बदले जा रहे हैं। देखा जाए तो इन दोनों घटनाओं की वजह से समाजवादी लोकतंत्र, कब पूंजीवादी लोकतंत्र में तब्दील हो गया, पता ही नहीं चला! आहिस्ता-आहिस्ता यह प्रक्रिया और तेज ही होती जा रही है, जिससे पढ़े-लिखे और पैसे वाले लोगों के बजाय आम आदमी के हित ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं, नकारात्मक अर्थों में। जिस हिसाब से व्यक्ति विशेष के खर्चे बढ़े हैं, उत्तरदायित्व बढ़ रहे हैं, आमदनी बिल्कुल नहीं। बदलते राजनीतिक माहौल में देश व समाज में पैसे को सर्वोच्च तरजीह दी जा रही है तथा जो लोग पैसे से पैसा और पावर से पैसा बनाने की कला में निपुण हैं, उनकी हर जगह पर पूछ बढ़ती जा रही है। ऐसे प्रतिस्पर्धात्मक माहौल में धनाढ्य प्रवासी भारतीयों की पूछ हर दल में बढ़ी है, लेकिन उन्हें अपनाने के चक्कर में ओछी राजनीति भारतीय राजनेताओं के द्वारा की जा रही है। सच कहूं तो विदेश की धरती से बयानबाजी सम्बन्धी जो गलतियां की जा रही हैं, उससे केंद्रीय मंत्रीगण भी बिफर पड़े हैं। इससे भारत और भारतीयों का भी चिंतित होना स्वाभाविक है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के अमेरिका से दिए गए 'लक्षित बयानों' से एक मजबूत राष्ट्र के रूप में भारत की अंतरराष्ट्रीय छवि पर भी बट्टा लगा है। यह सार्वजनिक चिंता का विषय है। इस बात में कोई दो राय नहीं कि जैसे बहुमत के चक्कर में हमारे राजनेताओं ने देश के भीतर जाति, धर्म, भाषा व क्षेत्र आदि के आधार पर विभेद परोसकर अपने-अपने मजबूत समर्थक वर्ग तैयार कर लिए हैं, उसी प्रकार से ये विदेशों में भी प्रवासी भारतीयों को पटाना चाहते हैं, ताकि बैक चैनल से या डायरेक्ट उनकी वित्तीय मदद मिलती रहे। राहुल गांधी धर्मनिरपेक्षता और तुष्टीकरण की आड़ में प्रवासी भारतीयों के एक बड़े वर्ग को अपने साथ साधना चाह रहे हैं, ताकि उनके मिशन 2024 को बल मिले। यहां पर यह याद दिलाना जरूरी है कि विदेशों में कभी तिरंगा का अपमान करने, कभी भारतीय दूतावास पर विरोध प्रदर्शन करने, कभी हिन्दू देवी-देवताओं का अपमान करने, कभी फिल्मों के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन करने या उनके पक्ष में रैलियां निकालने के जो प्रायोजित कार्यक्रम होते हैं, उसके पीछे स्थानीय संगठनों और चर्चित पीआर एजेंसियों की भूमिका जगजाहिर है। ऐसे ही लोग विभिन्न संगठनों के बैनर तले भारतीय नेताओं के कार्यक्रम आयोजित करवाते हैं और अपने सही-गलत दोनों इरादे की पूर्ति करते हैं। इसलिए आशंका है कि यहां उठने वाले मुद्दे भी ग्लोबल पीआर एजेंसी ही सुझाती होंगी। कोढ़ में खाज यह कि अमेरिका, चीन, रूस, ब्रिटेन जैसे देशों में ऐसा हो रहा है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के घृणा सम्बन्धी बयान की सोशल मीडिया से लेकर विदेशी धरती तक आलोचना हो रही है। 'कानूनी नफरत' के बाजार में 'तुष्टीकरण वाले प्रेम' की एक और दुकान खोलने के बाद 'तथाकथित बढ़ती घृणा' को बेचकर सियासी सहानुभूति खरीदने की ललक लिए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने अमेरिका के कैलिफोर्निया के सांता क्लारा में 'इंडियन ओवरसीज कांग्रेस यूएसए' के 'मोहब्बत की दुकान' कार्यक्रम में भाजपा पर जमकर हमले किए। उन्होंने दावा किया कि सरकार महंगाई और बेरोजगारी जैसे मुद्दों के समाधान की बजाय गैर जरूरी मुद्दे से ध्यान भटकाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा, नए संसद भवन का उद्घाटन असली मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए है। वहीं, बेरोजगारी, महंगाई, शिक्षा संस्थानों में कमी जैसे मुद्दों पर वे चर्चा नहीं चाहते। वहीं, मुस्लिमों को लग रहा है कि उन पर ज्यादा हमले हो रहे हैं। लेकिन सिख, दलित, आदिवासी भी यही महसूस कर रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि महिलाओं के आरक्षण पर बिल लाना चाहते थे, लेकिन हमारे कुछ सहयोगी इस पर राजी नहीं हुए। हम सत्ता में आएंगे तो इसे पेश करेंगे। उन्होंने यहां तक कह डाला कि लोगों को धमकियां दी जा रही हैं, उनके खिलाफ जांच एजेंसियों का इस्तेमाल हो रहा है। बता दें कि गत 2 मार्च 2023 को कैम्ब्रिज में राहुल गांधी के दिए हुए एक बयान पर भी भारत में विवाद हुआ था। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस नेता के बयान से देश की गरिमा को ठेस लगी है। भारत की प्रगति पर सवाल उठाना सही नहीं है। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने भी कहा है कि विदेशी धरती पर इस तरह की टिप्पणी करना देशहित में नहीं है। संसदीय कार्यमंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि राहुल गांधी ऐसा दिखाने की कोशिश कर रहे हैं, जैसे वह हर विषय के विशेषज्ञ हैं। जनता इन प्रयासों को स्वीकार नहीं करेगी।

# 'भारत के स्वराज्य' का उद्घोष है श्रीशिवराज्याभिषेक

ANALYSIS



लोकेन्द्र सिंह

महान विजयनगर साम्राज्य के पतन के बाद भारतीय समाज का आत्मविश्वास निचले तल पर चला गया। अपने ही देश में फिर कभी हमारा अपना शासन होगा, जो भारतीय मूल्यों से संचालित हो, लोगों ने यह कल्पना करना ही छोड़ दिया। तब शिवाजी महाराज ने कुछ वीर पराक्रमी मित्रों के साथ 'स्वराज्य' की स्थापना का संकल्प लिया और अपने कृतित्व एवं विचारों से जनमानस के भीतर भी आत्मविश्वास जगाया। विषबेल की तरह फैलते मुगल शासन को रोकने और उखाड़ फेंकने का साहस शिवाजी महाराज ने दिखाया। गोविन्द सखाराम सरदेसाई अपने पुस्तक 'द हिस्ट्री ऑफ द मराठाज-शिवाजी एंड हिज टाइम' के वॉल्यूम-1 के पृष्ठ 97-98 पर लिखते हैं- 'मुस्लिम शासन में घोर अन्धकार व्याप्त था। कोई पूछताछ नहीं, कोई न्याय नहीं। अधिकारी जो मर्जी करते थे। महिलाओं के सम्मान का उल्लंघन, हिंदुओं की हत्याएं और धर्मांतरण, उनके मंदिरों को तोड़ना, गोहत्या और इसी तरह के घृणित अत्याचार उस सरकार के अधीन हो रहे थे।

छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक एवं हिन्दू साम्राज्य की स्थापना का 350वां वर्ष पहली जून से शुरू हो गया है। यह दिन बहुत पावन है। इसी के साथ 'हिन्दवी स्वराज्य' की स्थापना का 350वां वर्ष प्रारंभ हो गया। विक्रम संवत 1731 में इसी तिथि, ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष त्रयोदशी को स्वराज्य के प्रणेता एवं महान हिन्दू राजा श्रीशिव छत्रपति के राज्याभिषेक और हिन्दू पद पादशाही की स्थापना से भारतीय इतिहास को नई दिशा मिली। कहते हैं कि यदि छत्रपति शिवाजी महाराज का जन्म न होता और उन्होंने हिन्दवी स्वराज्य की स्थापना न की होती, तब भारत अंधकार की दिशा में बहुत आगे चला जाता। महान विजयनगर साम्राज्य के पतन के बाद भारतीय समाज का आत्मविश्वास निचले तल पर चला गया। अपने ही देश में फिर कभी हमारा अपना शासन होगा, जो भारतीय मूल्यों से संचालित हो, लोगों ने यह कल्पना करना ही छोड़ दिया। तब शिवाजी महाराज ने कुछ वीर पराक्रमी मित्रों के साथ 'स्वराज्य' की स्थापना का संकल्प लिया और अपने कृतित्व एवं विचारों से जनमानस के भीतर भी आत्मविश्वास जगाया। विषबेल की तरह फैलते मुगल शासन को रोकने और उखाड़ फेंकने का साहस शिवाजी महाराज ने दिखाया। गोविन्द सखाराम सरदेसाई अपने पुस्तक 'द हिस्ट्री ऑफ द मराठाज-शिवाजी एंड हिज टाइम' के वॉल्यूम-1 के पृष्ठ 97-98 पर लिखते हैं- 'मुस्लिम शासन में घोर अन्धकार व्याप्त था। कोई पूछताछ नहीं, कोई न्याय नहीं। अधिकारी जो मर्जी करते थे। महिलाओं के सम्मान का उल्लंघन, हिंदुओं की हत्याएं और धर्मांतरण, उनके मंदिरों को तोड़ना, गोहत्या और इसी तरह के घृणित अत्याचार उस सरकार के अधीन हो रहे थे। निजाम शाह ने जिजाऊ मां साहेब के पिता, उनके भाइयों और पुत्रों की खुलेआम हत्या कर दी। बजाजी निंबालकर को जबरन इस्लाम कबूल कराया गया। अनगिनत उदाहरण उद्धृत किए जा सकते हैं। हिन्दू सम्मानित जीवन नहीं जी सकते थे'। ऐसे दौर में मुगलों के अत्याचारी शासन के विरुद्ध शिवाजी महाराज ने ऐसे साम्राज्य की स्थापना की जो भारत के 'स्व' पर आधारित था। उनके शासन में प्रजा सुखी और समृद्ध हुई। धर्म-संस्कृति फिर से पुलकित हो उठी। हिन्दवी स्वराज्य 350 वर्ष के बाद भी प्रासंगिक है क्योंकि वह जिन आदर्शों पर खड़ा था, वे सार्वभौमिक और कालजयी हैं। हिन्दवी स्वराज्य की चर्चा इसलिए भी प्रासंगिक है क्योंकि संयोग से केंद्र में आज ऐसी शासन व्यवस्था है, जो भारत को उसके 'स्व' से परिचित कराने के लिए कृत-संकल्पित है। हिन्दवी स्वराज्य का स्मरण एवं उसका अध्ययन हमें 'स्व' के और अधिक समीप लेकर जाएगा। प्रसिद्ध इतिहासकार जदुनाथ सरदार के अनुसार- शिवाजी के राजनीतिक आदर्श ऐसे थे कि हम उन्हें आज भी लगभग बिना किसी परिवर्तन के स्वीकार कर सकते हैं। उन्होंने अपनी प्रजा को शांति, सार्वभौमिक सहिष्णुता, सभी जातियों और पंथों के लिए समान अवसर, प्रशासन की एक लाभकारी, सक्रिय और शुद्ध प्रणाली, व्यापार को बढ़ावा देने के लिए एक नौसेना और मातृभूमि की रक्षा के लिए एक प्रशिक्षित सेना देने का लक्ष्य रखा। यदि हम वर्तमान मोदी सरकार की शासन व्यवस्था के सिद्धांतों को देखें, तो उसके केंद्र में भी लगभग यही विचार है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बार-बार यह उल्लेखित करते हैं कि उनकी सरकार 'सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास' के मंत्र को लेकर चल रही है। शिवाजी महाराज ने राज्य को 'स्व' का आधार देते हुए भारत केंद्रित नीतियों को बढ़ावा दिया, जैसे- फारसी और अरबी को हटाकर स्वभाषा का प्रचलन, विदेशी मुद्रा की जगह स्वराज्य की नई मुद्रा शुरू करना, किसानों और सरकार के बीच से बहुत समय से प्रचलित आढ़ती व्यवस्था को हटाकर राजस्व संग्रह करने के लिए रैयतवाडी व्यवस्था प्रारंभ की, सीमा सुरक्षा के नए प्रबंध, विदेश नीति में बदलाव, राज्य व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए अष्टप्रधान मंडल की व्यवस्था, सैन्य सशक्तिकरण पर जोर और मुगलों की अन्य व्यवस्थाओं को ध्वस्त करके नयी व्यवस्थाएं खड़ी करना। हिन्दवी स्वराज्य की भांति ही वर्तमान केंद्र सरकार भी मानती है कि कृषि एवं उद्योग को प्रोत्साहन देकर लोगों की आर्थिक आवश्यकताओं की पूर्ति की जा सकती है। जब लोग आत्मनिर्भर होंगे, तब ही राज्य भी आत्मनिर्भर होकर प्रगति की दिशा में आगे बढ़ेगा। वर्तमान सरकार ने कृषि सुधारों के लिए आगे बढ़कर पहल की है। हालांकि कुछ लोगों की जिद के कारण सरकार को तीन ऐतिहासिक कृषि कानून वापस लेने पड़े। मुद्रा प्रबंधन में भी सरकार शिवाजी महाराज की तरह सजग है। जाली नोटों से निपटने एवं कालेधन पर चोट करने के लिए केंद्र सरकार ने विमुद्रीकरण की प्रक्रिया को अपनाया। जब एक बार फिर सरकार को लगा कि दो हजार रुपये के नोट के रूप में कालाधन जमा होने लगा है और जाली नोट की संख्या भी बढ़ रही है, तब एक बार फिर सरकार ने मुद्रा प्रबंधन के सिद्धांत का पालन किया। कल्याणकारी राज्य की स्थापना का एक और सिद्धांत है कि राजनीति में परिवारवाद के लिए स्थान नहीं होना चाहिए। जब छत्रपति शिवाजी महाराज ने 'स्वराज्य' की स्थापना की, तब उन्होंने यह स्पष्ट कर दिया था कि यह भोंसले घराने का शासन नहीं है, यह मराठा साम्राज्य भी नहीं है, यह हम सबका 'स्वराज्य' है। इसमें सबकी समान भागीदारी है। यह ईश्वरी की इच्छा से स्थापित 'हिन्दू साम्राज्य' है। इसलिए उन्होंने अपने साम्राज्य को महाराष्ट्र साम्राज्य, मराठी साम्राज्य, भोंसले साम्राज्य नाम न देकर, उसे 'हिन्दवी साम्राज्य' और 'हिन्दू पद पादशाही' कहा। मुगल साम्राज्य के ज्यादातर किलों का प्रमुख औरंगजेब का कोई रिश्तेदार ही था। जबकि हिन्दवी स्वराज्य में किलेदार की नियुक्ति की कड़ी और पारदर्शी व्यवस्था थी, तय मापदंड पर खरा उतरनेवाले व्यक्ति को ही किले की जिम्मेदारी मिलती थी। उनके राज्य के शासन में किसी के लिए अनुशासन में ढील नहीं थी। जो नियम सामान्य नागरिक के लिए थे, उनका पालन महाराज भी उतनी ही कठोरता से करते थे। अपराध करने पर उनके रिश्तेदार भी सजा और कानून से बच नहीं सकते थे। उनका शासन सही अर्थों में प्रजा का शासन था। मछुआरों से लेकर वेदशास्त्र पंडित, सभी उनके राज्यशासन में सहभागी थे। स्वराज्य में छुआछूत के लिए कोई स्थान नहीं था। पन्हाल गढ़ की घेराबंदी में नकली शिवाजी बनकर महाराज की रक्षा करनेवाले शिवा काशिद, जाति से नाई थे। अफजल खान के समर प्रसंग में शिवाजी के प्राणों की रक्षा करनेवाला जीवा महाला था। आगरा के किले में कैद के दौरान उनकी सेवा करने वाला मदारी मेहतर था। हिन्दवी स्वराज्य के 350वें वर्ष में जब हम उसका अध्ययन करेंगे तो एक बात स्पष्ट तौर पर दिखाई देगी कि छत्रपति शिवाजी महाराज मात्र एक व्यक्ति या राजा नहीं, वे एक विचार और एक युगप्रवर्तन के शिल्पकार हैं। इसलिए जब ईस्वी सन् 1680 में शिवाजी महाराज ने हिन्दवी स्वराज्य की राजधानी दुर्ग दुर्गेश्वर 'रायगढ़' की गोद में अंतिम सांस ली, तो उनका विचार उनके साथ समाप्त नहीं हुआ। अकसर यह होता है कि कोई प्रतापी राजा अपने बाहुबल और सैन्य कौशल से बड़े साम्राज्य की स्थापना करता है लेकिन उसकी मृत्यु के बाद वह साम्राज्य ढह जाता है। शिवाजी महाराज के साथ ठीक उलटा हुआ। उनके देवलोकगमन के बाद हिन्दवी साम्राज्य का अधिक विस्तार हुआ और वह समय भी आया जब मुगलिया सल्तनत धूलि में मिल गई तथा भारतवर्ष में हिन्दवी स्वराज्य का परम पवित्र भगवा ध्वज गर्व से लहराने लगा। छत्रपति शिवाजी महाराज के निधन के समय मुगल साम्राज्य उत्तर में काबुल प्रांत से लेकर दक्षिण में तिरुचिरापल्ली तक, पश्चिम में गुजरात तक और पूर्व में असम के बहुत बाहरी इलाके तक, , भारत के एक बड़े हिस्से पर फैला हुआ था। ऐसा कह सकते हैं कि मुगल बादशाह की हुकूमत देश के हर हिस्से में चलती थी। लेकिन 1719 में अत्याचारी औरंगजेब की मृत्यु के 12 वर्षों के भीतर ही मराठों ने दिल्ली में प्रवेश किया और मुगल राजधानी के मुख्य मार्गों में भगवा ध्वज लेकर पथ-संचलन साफ संदेश दे दिया कि अब भारत विदेशी आक्रांताओं के चंगुल से स्वतंत्र होकर रहेगा। 1740 तक मालवा और बुंदेलखंड पर मराठों का आधिपत्य हो गया। 1751 में उन्होंने उड़ीसा पर कब्जा कर लिया और बंगाल और बिहार पर चौथ लगाया।

**(लेखक, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में सहायक प्राध्यापक हैं।)**

# सस्ता और सुलभ साधन है साइकिल

तीन जून 2018 को पहली बार विश्व साइकिल दिवस मनाया गया था। तब से दुनिया में प्रतिवर्ष साइकिल दिवस मनाया जाता है। इस बार हम छठवां विश्व साइकिल दिवस मना रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ ने परिवहन के सामान्य, सस्ते, विश्वसनीय, स्वच्छ और पर्यावरण अनुकूल साधन के रूप में इसे बढ़ावा देने के लिए विश्व साइकिल दिवस को मनाने की घोषणा की थी। दो सौ साल पहले 12 जून 1817 को जर्मनी के मैनहेम में बैरन कार्ल वॉन ड्रैस ने दुनिया की पहली साइकिल पेश की थी। यह लकड़ी से बनी थी और इसमें पैडल, गियर या जंजीर नहीं थी। उसने खुद को पहले एक पैर से और फिर दूसरे पैर से धकेला। उन्होंने इसे लॉफमाशाइन (जर्मन में चलने वाली मशीन) कहा। अब तो जापान के फुकुकोआ शहर में छात्रों ने एक ऐसी साइकिल बनाई है जो हवा से चलती है। इसकी अधिकतम रफ्तार 64 किलोमीटर प्रति घंटा है। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड ने इसे कंप्रेस्ड हवा से चलने वाली दुनिया में सबसे तेज साइकिल का सर्टिफिकेट दिया है। भारत की आर्थिक तरक्की में साइकिल ने बहुत अहम भूमिका निभाई है। आजादी के बाद से ही साइकिल देश में यातायात व्यवस्था का अनिवार्य हिस्सा रही है। खासतौर पर 1960 से लेकर 1990 तक भारत में ज्यादातर परिवारों के पास साइकिल थी। यह व्यक्तिगत यातायात का सबसे ताकतवर और किफायती साधन था। गांवों में किसान साप्ताहिक मंडियों तक सब्जी और दूसरी फसलों को साइकिल से ही ले जाते थे। दूध की सप्लाई गांवों से पास से कस्बाई बाजारों तक साइकिल के जरिये ही होती थी। डाक विभाग का तो पूरा तंत्र ही साइकिल के बूते चलता था। आज भी पोस्टमैन साइकिल से चिट्ठियां बांटते हैं। चीन के बाद आज भी भारत दुनिया में सबसे ज्यादा साइकिल बनाने वाला देश है। बच्चे सबसे पहले साइकिल चलाना ही सीखते है। इसलिए बचपन में हम सभी ने साइकिल चलाई है। पहले के जमाने में जिसके पास साइकिल होती थी वह बहुत प्रतिष्ठित व्यक्ति माना जाता था। गांव के लोग जब कभी शहरों में जाते थे। तब लोगों को साइकिल चलाते हुए देखते थे और फिर वे खुद भी धीरे-धीरे साइकिल चलाना सीख जाते थे। पहले शहरों में किराए पर भी साइकिलें मिलती थी। देश की युवा पीढ़ी को अब साइकिल के बजाय मोटरसाइकिल ज्यादा अच्छी लगने लगी है। अस्सी के दशक में शहरों में मोटरसाइकिल का शौक बढ़ रहा था। गांवों में भी इस मामले में बदलाव की शुरूआत हो चुकी थी। इसके बावजूद भारत में साइकिल की अहमियत खत्म नहीं हुई है। 1990 के बाद से साइकिलों की बिक्री में बढ़ोतरी आई है। लेकिन ग्रामीण इलाकों में इसकी बिक्री में गिरावट आई है। दरअसल 1990 से पहले जो भूमिका साइकिल की थी। उसकी जगह गांवों में मोटरसाइकिल ने ले ली है। इसके उपरांत भी साइकिल आज भी हमारे जीवन का अभिन्न अंग हैं। देश में लॉकडाउन के दौरान दूसरे प्रदेशों में कमाने गए लाखों लोग साइकिल पर 1000-1500 किलोमीटर की दूरी तय कर अपने घर पहुंचे। संकट के समय साइकिल ही उनके घर पहुंचने का एकमात्र साधन बनी थी। लॉकडाउन के दौरान लाखों लोगों के घर पहुंचने का सबसे उपयोगी साधन बनने से लोगों को यह बात अच्छी तरह समझ में आ गयी की साइकिल आज भी आम लोगों का सबसे सस्ता व सुलभ साधन है। अब तो विभिन्न प्रकार के फीचर से लैस गियर वाली कीमती साइकिल बाजार में आ गई हैं। पहले लोगों के पास सामान्य साइकिलें ही हुआ करती थी। जिनके पीछे एक कैरियर लगा रहता था। जिस पर व्यक्ति अपना सामान रख लेता था व जरूरत पड़ने पर दूसरे व्यक्ति को बैठा लेता था। कई बार तो साइकिल सवार आगे लगे डंडे पर भी अपने साथी को बिठाकर 3-3 लोगों के साथ सवारी करते थे। साइकिल से वातावरण में किसी तरह का प्रदूषण नहीं होता था। पेट्रोल डलवाने का झंझट भी नहीं था। साइकिल उठाई पैडल मारे और पहुंच गए अगले स्थान पर। पहले के जमाने में साइकिल के आगे एक छोटी सी लाइट भी लगी रहती थी। जिसका डायनुमा पीछे के टायर से जुड़ा रहता था। साइकिल सवार जितनी तेजी से साइकिल चलाता उतनी ही अधिक लाइट की रोशनी होती थी। तीन साल पहले विश्व साइकिल दिवस के दिन ही भारत की सबसे बड़ी साइकिल निमार्ता कम्पनी एटलस बंद हो गई थी। प्रतिवर्ष 40 लाख साइकिल का उत्पादन करने वाली भारत की सबसे बड़ी व दुनिया की जानी मानी कम्पनी एटलस के बंद होने से साइकिल उद्योग को बड़ा धक्का लगा है। एटलस की फैक्टरी बंद होने से वहां काम करने वाले करीबन एक हजार लोग बेरोजगार हो गए। एटलस साइकिल कम्पनी की स्थापना 1951 में हुई थी। इसका कई विदेशी साइकिल निमार्ता कंपनियों के साथ गठबंधन था। जिस कारण एटलस कम्पनी की साइकिल दुनिया भर की श्रेष्ठ साइकिलों में शुमार होती थी। अमेरिका के बड़े-बड़े डिपार्टमेंट स्टोर में भी एटलस की साइकिलें बेची जाती थी। भारत में भी विकसित की जा रही ज्यादातर आधारभूत आधुनिक संरचनाएं मोटर-वाहनों को ही सुविधा प्रदान करने के लिए बन रही हैं। साइकिल जैसे पर्यावरण-हितैषी वाहन को नजरअंदाज किया जा रहा है। जबकि शहरी व ग्रामीण परिवहन में भी साइकिल का महत्वपूर्ण स्थान है। खासतौर से कम आय-वर्ग के लोगों के लिए साइकिल उनके जीविकोपार्जन का एक सस्ता, सुलभ और जरूरी साधन है। यह इसलिए भी कि भारत का कम आय-वर्ग के लोग अपनी कमाई से प्रतिदिन सौ-पचास रुपये परिवहन पर खर्च करने में सक्षम नहीं हैं। भारत सरकार अपनी साइकिल परिवहन व्यवस्था में कुछ जरूरी मूलभूत सुधार कर-के आम और खास लोगों को साइकिल चलाने के लिए प्रेरित कर सकती है। सरकार के इस कदम से ऐसे सभी लोग प्रेरणा पा सकते हैं।

## Social Media Corner

सच के हक में...



दिल्ली के लिए केंद्र सरकार द्वारा लाया गया अध्यादेश लोकतंत्र के खिलाफ है। यह संघीय ढांचे पर प्रहार है। गैर-भाजपा शासित राज्यों को कैसे शिथिल किया जाए, संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर उन राज्यों के विकास में बाधा कैसे डाली जाए, यही सुनियोजित षड्यंत्र भाजपा और केंद्र सरकार द्वारा चलाया जा रहा है। यह स्वस्थ लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है। यह उन सभी राज्यों के करोड़ो लोगों का अपमान है।

**(सीएम हेमंत सोरेन के ट्विटर अकाउंट से)**



प्रस्तुत है मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी के कार्यकाल की महत्वपूर्ण उपलब्धियां। झारखंड में लूट तंत्र को स्थापित करना। बिचौलियों - दलालों को जमीन, सड़क, पानी, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा यहां तक कि भेड़ - बकरियों तक में दलाली कर धनोपार्जन करने का विशेष लाइसेंस देना। झारखंड में अवैध खनन के जनक के रूप में अपनी पहचान बनाना।झारखंड के मस्तक पर कलंक लगाने का कुत्सित प्रयास करना।जनता को बार बार छलना।छात्रों का खून बहाना।गरीबों का घर उजाड़ना।भ्रष्टाचार को संरक्षण देना।माफियाओं को पोषित करना और सरकारी राजस्व को अरबों रुपये का चूना लगाना, बंगलादेशी घुसपैठियों पर खामोश रहना, राज्य में तुष्टिकरण को बढ़ावा देना और लव जिहाद की सच्चाई से मुंह फेर लेना।

**(पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी के ट्विटर अकाउंट से)**

# साइकिल चलाओ-स्वस्थ हो जाओ

एक समय ऐसा था, जब लोग मीलों दूर का सफर भी पैदल अथवा बैलगाड़ियों के माध्यम से कई-कई दिनों में पूरा किया करते थे। साइकिल के अविष्कार ने लोगों की दुनिया ही बदल डाली, जिसने लोगों के लिए मीलों दूर का सफर भी आसान बना दिया था। कुछ दशक पूर्व तो बहुत से छात्र स्कूल तक पहुंचने के लिए भी मीलों दूर का सफर साइकिल से ही तय किया करते थे। हालांकि वह ऐसा दौर था, जब साइकिल को आमतौर पर निर्धनता का प्रतीक समझा जाता था और साइकिल को गरीब तथा मध्यम वर्ग के यातायात का ही अहम हिस्सा माना जाता था। तब खासकर मजदूर वर्ग के लोग, दूध वाले, स्कूल जाने वाले छात्र इत्यादि ही साइकिल पर दिखते थे। साइकिल की कीमत तब ज्यादा नहीं होती थी और प्रायः एक ही जैसी साइकिलें बाजार में मिलती थी लेकिन समय के साथ बदलती तकनीक के दौर में साइकिलें भी हाईटेक होती गई और आज बाजार में कुछ हजार से लेकर लाखों रुपये तक की साइकिलें उपलब्ध हैं। समय के साथ साइकिल की उपयोगिता और महत्व भी बदलता गया है और आज के आधुनिक दौर में साइकिलें अधिकांशतः व्यायाम अथवा शारीरिक फिटनेस के तौर पर प्रयोग की जाती हैं। आज के जमाने में लोग घंटों साइकिल चालकर इससे सेहत और वातावरण को पहुंचने वाले फायदों के बारे में जागरुकता फैलाते हैं। हालांकि यूरोप, डेनमार्क, नीदरलैंड इत्यादि दुनिया के कई हिस्से आज भी ऐसे हैं, जहां साइकिल के जरिये ही एक स्थान से दूसरे स्थान तक जाया जाता है। साइकिल का दौर 1960 से लेकर 1990 के बीच काफी अच्छा चला लेकिन उसके बाद समय बदलता गया और साइकिल का चलन भी कम होता गया। बीते कुछ वर्षों में पर्यावरण की महत्ता और साइकिल चलाने से होने वाले स्वास्थ्य संबंधी लाभ को देखते हुए लोग साइकिल की ओर आकर्षित हुए हैं और यही कारण है कि अब केवल भारत ही नहीं बल्कि जापान, इंग्लैंड सहित कई विकसित देशों में भी साइकिलों का उपयोग बढ़ रहा है। भारत का साइकिल उद्योग आज दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा बाजार है और भारत साइकिल का तीसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता देश है। साइकिल पर्यावरण के लिए यातायात का सबसे उत्तम साधन है क्योंकि इसके उपयोग से डीजल-पेट्रोल का दोहन कम होने के साथ ही प्रदूषण स्तर भी कम होता है, साथ ही शरीर को स्वस्थ रखने में भी साइकिल महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। साइकिल चलाने से न केवल पर्यावरण सुरक्षा को बढ़ावा मिलता है बल्कि यह व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक विकास में भी सहायक होता है। यही कारण है कि साइकिल की विविधता, मौलिकता और परिवहन के एक व्यापक और सहज साधन के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 3 जून को विश्व साइकिल दिवस मनाया जाता है। अप्रैल 2018 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने हर साल 3 जून को यह दिवस मनाने की घोषणा साइकिल सवारी से मिलने वाले स्वास्थ्य, पर्यावरण और आवागमन के लिए सबसे सस्ता साधन इत्यादि को देखते हुए की थी। दरअसल साइकिल का महत्व धीरे-धीरे घटता जा रहा था, तकनीक के विकास के साथ ही पैट्रोल-डीजल इत्यादि से चलने वाली गाड़ियों का उपयोग बढ़ने लगा और लोगों ने समय की बचत तथा सुविधा के लिए साइकिल चलाना बेहद कम कर दिया। इसीलिए साइकिल के उपयोग और जरूरत के बारे में बच्चों और अन्य लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से संयुक्त राष्ट्र द्वारा विश्व साइकिल दिवस मनाने की जरूरत महसूस की गई। संयुक्त राष्ट्र संघ ने पर्यावरण सुरक्षा को भी साइकिल चलन को बढ़ावा देने का अहम उद्देश्य माना है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार साइकिल दिवस मानव प्रगति, उन्नति, स्थिरता, सामाजिक समावेश और शांति की संस्कृति के प्रतीक के रूप मनाया जाता है।

## I WANT TO SAY...

THE PHOTON NEWS



राज्य के सबसे बड़े अस्पताल राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) के निदेशक पद पर जब डा. कामेश्वर प्रसाद ने कार्यभार संभाला था तो उम्मीद जताई जा रही थी कि यहां की व्यवस्था में सुधार होगा। इंतजार होता ही रहा लेकिन व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ। समय बीतता गया। इस बीच रिम्स की अव्यवस्था से जुड़े तमाम मामले सामने आते रहे। सुधार के दावे ही किए जाते रहे लेकिन प्रत्यक्ष रूप से कोई सुधार नहीं दिखा। देखते-देखते रिम्स के निदेशक पद से डा. कामेश्वर प्रसाद की विदाई का समय आ गया। इसी के साथ एक बार फिर नए निदेशक की तलाश शुरू हो गई है। सवाल यह है कि इस कवायद में आम आदमी को क्या मिला। आज भी रिम्स पहुंचनेवाले मरीज और उनके परिजन परेशान हो रहे हैं। उन्हें समुचित इलाज की सुविधा नहीं मिल रही है। जांच व दवा के लिए बाहर जाना पड़ रहा है। जो काम मुफ्त या काफी कम खर्च में होना चाहिए उसके लिए अधिक पैसे खर्च करने पड़ रहे हैं। ऐसे में इस बात की कितनी उम्मीद की जाए कि नए निदेशक के पदभार ग्रहण करने से व्यवस्था में सुधार होगा। फिलहाल नए निदेशक की घोषणा नहीं की गई है। विभाग को चार डाक्टरों में से एक के चयन में पिछले दो सप्ताह से असमंजस की स्थिति दिख रही है। रिम्स छोड़ते निदेशक ने कहा कि उन्होंने निजी प्रैक्टिस नहीं रोक पाने पर दुख है। नए निदेशक के आने के बाद कितना सुधार होगा यह तो अब समय ही बताएगा। फिलहाल इंतजार करें और उम्मीद का दामन नहीं छोड़ें।

**रूना मिश्रा शुक्ला, अधिवक्ता, रांची।**

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PRIVATE LIMITED, Kathitand, Near Tender Bagicha, P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, Jharkhand-835222, and Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001.Editor-Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

# एडिडास ने पेश की भारतीय क्रिकेट टीम के लिए नई जर्सी

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम की जर्सी के प्रयोजक एडिडास ने अगले माह सात जून से होने वाले विशव टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए भारतीय टीम की नई जर्सी लांच कर दी है। आधिकारिक तौर पर ये जर्सी 7 जून को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ डब्ल्यूटीसी फाइनल 2023 में पहनी जाएगी। एडिडास द्वारा प्रायोजित की गई इस नई जर्सी को वानखेड़े स्टेडियम में लॉच किया गया। ड्रोन के जरिए विशाल जर्सियों को हवा में उड़ाकर पेश किया गया। इस जर्सी को कश्मीरी डिजाइनर आकिब वानी ने डिजाइन किया है।

इससे पहले भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने 5 साल के लिए एडिडास के साथ एक करार किया था। यह साल 2028 तक चलेगा। यह करार पांच साल में लगभग 350 करोड़ रुपये का है। इसमें भारतीय क्रिकेट टीम पुरुष, महिला और अंडर-19 पुरुष और महिला क्रिकेट के तीनों प्रारूपों के लिए जर्सी लॉच की गयी है।

एडिडास के मुख्य कार्यकारी ब्योर्न गुल्डेन ने भारतीय क्रिकेट टीम के साथ सहयोग के बारे में उत्साह जताया। उन्होंने भारत में क्रिकेट के महत्व और खेल में निवेश करने की उनकी प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए कहा, हमें बीसीसीआई और टीम इंडिया के साथ साझेदारी करने पर गर्व है। साथ ही कहा कि क्रिकेट देश का सबसे अहम खेल है, और हमारे लिए यह जरुरी है कि हम इसमें प्रत्यक्ष उपस्थिति और निवेश करें। हमें बीसीसीआई से बेहतर साथी नहीं मिल सकता था। मेरा मानना है कि आने वाले दशकों में भारत सबसे तेजी से बढ़ने वाला खेल बाजार होगा। हम अपनी टीम का समर्थन करने और भारत में शीर्ष स्पोर्ट्स ब्रांड बनने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं।

वहीं बीसीसीआई सचिव जय शाह ने साझेदारी के बारे में अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, हम क्रिकेट के खेल को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं और इस यात्रा में दुनिया के अग्रणी स्पोर्ट्सवियर ब्रांड्स में से एक एडिडास के साथ साझेदारी करके उत्साहित हैं।



# भारत ने पाक को हराकर लगातार दूसरी बार पुरुष जूनियर एशिया कप जीता



**सलालाह (एजेंसी)।** भारतीय टीम ने पाकिस्तान को हराकर लगातार दूसरी बार पुरुष जूनियर एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट जीता है। भारतीय टीम ने फाइनल मुकाबले में पाक को 2-1 से हराया। भारत की ओर से अंगद बीर सिंह ने 13वें मिनट में गोल कर टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। इसके बाद अरिजीत सिंह ने 20वें मिनट में एक गोल कर इस बढ़त को 2-0कर दिया। वहीं पाक की ओर से अली बशारत ने 38वें मिनट में एक गोल दागकर भारतीय टीम की बढ़त को कम कर दिया। इसके बाद भारतीय टीम के सामने पाक की टीम की एक नहीं चली और वह अंत तक कोई गोल नहीं कर पायी। इसी के साथ ही भारतीय टीम ने लगातार दूसरी बार और कुल चौथी बार और जूनियर हॉकी पुरुष एशिया कप जीता है। इससे पहले 2015 में भी भारत ने फाइनल में पाकिस्तान को यह खिताब जीता था।

इस मैच में भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी रही। आक्रामक खेल की बदौलत भारतीय टीम को शुरुआत में दो अवसर मिले पर वह उन्हें गोल में बदल नहीं पायी। चिरमाको का एक शॉट गोलपोस्ट के ऊपर से निकल गया जिससे भारतीय टीम ने एक अवसर गंवा दिया। वहीं पहले क्वार्टर में पिछड़ने के बाद पाक ने बराबरी का प्रयास किया पर भारतीय खिलाड़ियों ने उसे विफल कर दिया। दूसरे क्वार्टर की शुरुआत में ही अरिजीत ने एक गोल कर भारतीय टीम की बढ़त को बढ़ा दिया। इसके बाद दोनों टीमों को एक-एक पेनल्टी कॉर्नर मिला पर कोई भी गोल नहीं कर पायी। तीसरे क्वार्टर में पाक की ओर से बशारत ने शाहिद अब्दुल के पास पर एक गोल दाग दिया। बशारत ने को गोलपोस्ट में धकेलकर स्कोर 1-2 कर दिया। इसके बाद पाक डिफेंडरों ने गोल नहीं होने दिया। पाक टीम ने अंतिम क्वार्टर में गोल के प्रयास किये पर वह नाकाम रही। पाक टीम को इसके बाद दो पेनल्टी कॉर्नर मिले पर वह उन्हें गोल में नहीं बदल पायी। इसके अलावा भारतीय टीम को भी एक अवसर मिला पर वह भी गोल नहीं कर पायी।

# डब्ल्यूटीसी में ईशान नहीं भरत को मिलेगी विकेटकीपर के तौर पर जगह : सबा करीम



**कोलकाता (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व विकेटकीपर सबा करीम ने कहा है कि आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में ईशान किशन नहीं के एस भरत को विकेटकीपर के तौर पर अवसर मिलेगा। सबा का मानना है कि ईशान किशन को अभी टेस्ट में विकेटकीपिंग के लिए इंतजार करना होगा हालांकि कई दिग्गजों का मानना है कि ईशान इस मैच में अंतर पैदा कर सकते हैं।

वहीं सबा के अनुसार भारतीय टीम विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में भरत के साथ उतर सकती है। उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि इस स्तर पर वे ईशान को उतारना चाहेंगे। मुझे लगता है कि वे भरत के साथ ही बने रहेंगे, क्योंकि उन्होंने घरेलू श्रृंखला में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विकेट कीपिंग की है। जिस तरह की सुरक्षा राहुल द्रविड़ और रोहित शर्मा खिलाड़ियों को देना चाहते हैं, मुझे लगता है कि वे भरत को ही शामिल करेंगे।

करीम ने कहा, अगर घरेलू श्रृंखला में ईशान ने खेला होता, तो मुझे लगता है कि उनके पास मौका हो सकता था पर न्होंने ऐसा नहीं किया है। इसलिए मुझे नहीं लगता कि वे इस तरह के एक अहम मैच में खेलेंगे।

उन्होंने आगे कहा, भारत के लिए अहम मैच जीतने के लिए सब कुछ संतुलित होना चाहिए हालांकि, करीम को लगता है कि इस टीम का हिस्सा बनना ईशान के लिए सीखने का एक बड़ा अवसर होगा। उन्होंने कहा- मुझे लगता है कि यह उनके लिए सीखने का एक शानदार अनुभव होगा। उसे अपने साथियों और विरोधियों को देखने और बातचीत से जितना हो सके हासिल करना चाहिए। टेस्ट क्रिकेट एक अलग गेंद का खेल है और अगर आप अंतिम ग्यारह का हिस्सा नहीं हैं तो भी बहुत कुछ सीखने को मिलता है। उसका भी समय आएगा और हालांकि अब तक उसे मुख्य रूप से एक सफेद गेंद वाले क्रिकेटर के रूप में देखा जाता है।

# एशिया कप के लिए बीसीसीआई ने घोषित की टीम, महिला एशिया कप में खेलेंगी ये खिलाड़ी



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय टीम को एशिया कप में जून के महीने में हिस्सा लेना है। इस एशिया कप का आयोजन इस बार हांगकांग में किया जाना है। इस एशिया कप के लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने 14 सदस्यीय टीम का चयन कर ऐलान कर दिया है। भारत का पहला मुकाबला हांगकांग से होना है।

इस बार बीसीसीआई ने बल्लेबाजी हरफनमौला श्वेता सहरावत हांगकांग में 12 जून से होने वाले एसीसी इमर्जिंग महिला एशिया कप में 14 सदस्यीय भारतीय क्रिकेट टीम की कप्तानी की जिम्मेदारी सौंपी है। भारत ए टीम 13 जून को पहला मैच हांगकांग से खेलेगी। वहीं एक और अहम मुकाबला भारतीय टीम का पाकिस्तान से होना है। ये मुकाबला 17 जून को होगा, जिसपर सभी की नजरें टिकी होंगी।

इस संबंध में बीसीसीआई ने एक आधिकारिक बयान में कहा ,'' अखिल भारतीय महिला चयन समिति ने शुक्रवार को आगामी एसीसी इमर्जिंग महिला एशिया कप के लिये भारत ए टीम का चयन किया है।'' टूर्नामेंट में आठ टीमों को दो समूहों में बांटा जायेगा। भारत समूह ए में हांगकांग, थाईलैंड ए, पाकिस्तान ए के साथ है जबकि बांग्लादेश ए, श्रीलंका ए , मलेशिया और संयुक्त अरब अमीरात ग्रुप बी में हैं। इस टूर्नामेंट का फाइनल 21 जून को खेला जायेगा।

## इन खिलाड़ियों को मिली टीम में जगह

**भारत ए (इमर्जिंग टीम) :** श्वेता सहरावत (कप्तान), सौम्या तिवारी, तृषा गोंगाडी, मुस्कान मलिक, श्रेयांका पाटिल, कनिका आहूजा, उमा छेत्री, ममता मडीवाला, टिटास संधू, यशश्री एस, काशवी गौतम, पार्श्वी चोपड़ा, मन्नत कश्यप, बी अनुषा।

**मुख्य कोच :** नूशिन अल खादीर भारत ए का कार्यक्रमः 12 जून बनाम हांगकांग 15 जून बनाम थाईलैंड ए 17 जून बनाम पाकिस्तान ए। बता दें कि भारतीय टीम में उन खिलाड़ियों को जगह मिली है जिन्होंने आईसीसी अंडर 19 वूमेंस टी20 विश्व कप ट्रॉफी जीती थी। इस टीम की कप्तान शेफाली वर्मा थी, जबकि श्वेता सहरावत ने सात मुकाबलों में 99 की औसत से 297 रन यानी सबसे अधिक रन बनाए थे।

# हूपर बने वेस्टइंडीज टीम के नये सहायक कोच



नई दिल्ली ।पूर्व कप्तान कार्ल हूपर को वेस्टइंडीज टीम का नया सहायक कोच बनाया गया है। हूपर को यूएई एकदिवसीय सीरीज और आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप क्वालीफायर से पहले ये जिम्मेदारी दी गयी है। वेस्टइंडीज और यूएई के बीच तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला 4 जून से शुरू होगी। इसके बाद टीम भारत में होने वाले आईसीसी क्वालीफायर मुकाबले खेलेगी। इसके लिए वेस्टइंडीज को ग्रुप ए में रखा गया है और वे 18 जून को संयुक्त राज्य अमेरिका के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। हूपर ने पहले भी अलग-अलग स्तर पर कोच और संरक्षक की भूमिका निभाई हैं। सहायक कोच के रूप में वह इससे पहले एडिलेड स्ट्राइकर्स के साथ बिग बैश लीग में भी थे। उन्होंने कैरेबियन प्रीमियर लीग में भी एंटीगुआ हॉक्सबिल्स और गुयाना अमेज़ॅन वारियर्स क ओर से कोच की भूमिका निभाईं हैं। वह बारबाडोस में वेस्टइंडीज के हाई परफॉर्मेंस सेंटर में भी एक संरक्षक की भूमिका भी शामिल रहे थे। वेस्टइंडीज टीम अब उनके अनुभवों का लाभ उठाते हुए जीत हासिल करना चाहेगी। हूपर ने कहा, जब शुरुआत में डैरन ने सहायक कोच की भूमिका के लिए मुझसे संपर्क किया तो मैंने तुरंत अपनी रुचि दिखाई क्योंकि मैं वास्तव में चुनौती में मदद करना चाहता हूं और सार्थक प्रभाव डालना चाहता हूं। मेरा दृढ़ विश्वास है कि यह वेस्टइंडीज क्रिकेट के आगे बढ़ने का समय है और मुझे इस प्रयास में सहायक बनते हुए अपनी अनुभवी का इस्तेमाल करना चाहिये। वेस्टइंडीज के पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर फ्लॉयड रीफर और न्यूजीलैंड के पूर्व ऑलराउंडर जेम्स फ्रैंकलिन भी टीम के साथ सहायक कोच के तौर पर रहेंगे।

# आईपीएल में स्ट्राइक रेट के मामले में सबसे आगे रहे राशिद



**मुम्बई (एजेंसी)।** इंडियनप्रीमियर लीग (आईपीएल) के 16 वें सत्र में कई क्रिकेटरों ने छोटी पर मैच विजेता पारियां खेलकर अपनी टीम को सफलत दिलायी है। टी-20 क्रिकेट में तेजी से रन बनाना अधिक अहम होता है बजाये इसके कि अधिक गेंद पर लंबी पारी खेली जाये। खेल के इस सबसे छोटे प्रारुप में कम गेंदों में ज्यादा रनों का महत्व होता है। आईपीएल में सबसे ज्यादा प्रभावशाली पारियां खेलने वाले खिलाड़ियों में ग्लेन मैक्सवेल, राशिद खान, सूर्यकुमार यादव सहित अन्य खिलाड़ी भी शामिली हैं।

**राशिद खान :** गुजरात टाइटंस के स्टार स्पिनरी राशिद खान ने एक मैच में मुंबई इंडियंस के खिलाफ नाबाद 79 रन बनाये थे। राशिद ने इस सीजन के कुल 17 मैच में सिर्फ नौ बार ही बल्लेबाजी की। जिसमें 216.66 के स्ट्राइक रेट से 130 रन बनाए। इस लिस्ट में वह टॉप पर हैं।

**ग्लेन मैक्सवेल :** इस ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ने इस लीग गेंदबाजों की जमकर पिटाई की। इस बल्लेबाज ने मैदान का ऐसा कोई कोना नहीं छोड़ा, जहां छक्के-चौके नहीं पहुंचाए। 14 मैच में 400 रन के साथ आरसीबी के इस वीर का स्ट्राइक रेट 183.48 रहा।

**महेन्द्र सिंह धोनी :** चेन्नई सुपरकिंग्स के कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी ने भले ही इस सीजन 16 मैच खेले, लेकिन बल्लेबाजी केवल 12 बार ही की, जिसमें आठ बार तो नॉट आउट ही रहे। ऐसे में 100 रन बनाने के बावजूद उनका स्ट्राइक रेट 182.45 पर पहुंच गया और टॉप-शीर्ष में शामिल हो गए।

**सूर्यकुमार यादव :** मुंबई इंडियंस के मध्य क्रम के बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने 16 मैच में एक शतक, पांच अर्धशतक के साथ 605 रन बनाए और उनका स्ट्राइक रेट 182.13 रहा।

# ब्रॉड की शानदार गेंदबाजी से इंग्लैंड ने आयरलैंड को 172 पर समेटा

## -एक विकेट पर ही 152 रन बनाकर मेजबान टीम ने शिकंजा कसा

**लंदन (एजेंसी)।** इंग्लैंड ने आयरलैंड के खिलाफ चार दिवसीय क्रिकेट टेस्ट मैच की पहली पारी में दिन का खेल खत्म होने तक एक विकेट पर 152 रन बनाये हैं। दिन का खेल समाप्त होने के समय बेन डकेट 60 और ओली पोप 29 रन बनाकर खेल रहे थे। इससे पहले मेजबान टीम ने स्टुअर्ट ब्रॉड और अन्य गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत आयरलैंड को पहली पारी में 172 रन पर ही समेट दिया। इंग्लैंड की ओर से ब्रॉड ने 51 रन देकर पांच विकेट लिए। वहीं जैक लीच ने तीन जबकि मैथ्यू पॉट्स ने दो विकेट लिए।

इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करते हुए आयरलैंड के बल्लेबाजों को कोई अवसर नहीं दिया। ब्रॉड ने पीटर मूर को शुरुआत में ही 10 रनों पर पेवेलियन भेज दिया। इसके बाद बालबर्नी और हैरी टेक्टर भी आउट हो गये। ऐसे समय में पॉल स्टर्लिंग ने सलामी बल्लेबाज जेम्स मैकोलम के साथ मिलकर आयरिश पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने 45 रन की साझेदारी बनायी। लीच ने स्टर्लिंग को 30 रनों के निजी स्कोर पर आउट कर आयरलैंड को मुश्किल में डाल दिया। मैकोलम भी 36 रन आउट हुए। कर्टिस कैंफर ने अंत में 33 रन बनाए। एंडी मैकब्राइन ने 19 और मार्क एडेयर ने 14 रन बनाये। इसके बाद भी आयरलैंड 172 रन ही बना पायी। इंग्लैंड की ओर से पारी की शुरुआत करते हुए जैक क्रॉली और बेन डकेट ने तेजी से बल्लेबाजी शुरु की। इस जोड़ी ने 16.3 ओवर में 109 रन बनाये। क्रॉली ने 56 रन बनाए जबकि डकेट ने नाबा 60 रन बनाये । ओली पोप 29 रन बनाकर डकेट के साथ क्रीज पर मौजूद हैं।



# इलावेनिल, प्रवीण के निशानेबाजी उपकरणों को ठीक करायेगा खेल मंत्रालय

नई दिल्ली । ओलंपियन निशानेबाज इलावेनिल वालारिवान और तीरंदाज प्रवीण जाधव के निशानेबाजी से जुड़े उपकरणों की मरम्मत के साथ ही नवीनीकरण होगा। इस काम की जिम्मेदारी खेल मंत्रालय संभालेगा। इलावेनिल जर्मनी की वाल्थर फैक्ट्री में यह काम करायेगी जबकि प्रवीण तीरंदाजी के उपकरणों का दूसरा सेट खरीदेंगे। इसका कारण है कि टूर्नामेंट के दौरान उपकरणों में खराबी आने पर सर्विसिंग के लिये समय नहीं रहता। वहीं मिशन ओलंपिक सेल ने टेबल टेनिस खिलाड़ी श्रीजा अकुला को नाइजीरिया में इस महीने होने वाले डब्ल्यूटीटी टूर्नामेंट में भागीदारी के लिये आर्थिक सहायता भी दी है। वहीं टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) के तहत उनके हवाई टिकट, खाने, रहने, स्थानीय यातायात, वीसा और बीमे की फीस का भी पूरा खर्च उठाया जाएगा।

# विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप में कमेंट्री करेंगे शास्त्री, गावस्कर और हेडन

मुम्बई । इंग्लैंड के ओवल मैदान में सात जून से भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्लयूटीसी) फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। इसमें भारतीय टीम के पूर्व कोच और ऑलराउंडर रवि शास्त्री के अलावा पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर और ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू हेडन भी कमेंट्री करते दिखेंगे। इसके अलावा आईपीएल में विफल रहे विकेटीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक भी इस कमेंट्री टीम में शामिल रहेंगे। शास्त्री और कार्तिक अपनी कॉमेंट्री शैली के कारण खासे लोकप्रिय भी हैं। इनके अलावा इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन और श्रीलंका के कुमार संगाकारा भी कमेंट्री करते दिखेंगे। ऑस्ट्रेलिया और भारत दोनों ही टीमें इंग्लैंड पहुंच गयी हैं और डब्ल्यूटीसी फाइनल की तैयारियों में लगी हैं। भारतीय टीम ने इस साल की शुरुआत में अपनी धरती पर 2-1 से बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी जीती थी जिससे उसका मनोबल बढ़ा हुआ है। वहीं ऑस्ट्रेलियाई टीम भी इंग्लैंड के हालातों में जीत के इरादे से उतरेगी। भारतीय टीम के कई अहम खिलाड़ी चोटिल होने के कारण बाहर हैं। इसमें जसप्रीत बुमराह, ऋषभ पंत, श्रेयस अय्यर और केएल राहुल जैसें खिलाड़ी हैं।

# सचिन ने खरीदी लेम्बोर्गिनी उरस एस



मुम्बई। भारतीय क्रिकेट टीम के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर कारों के शौकीन हैं और उनके पास बीएमडब्ल्यू और मर्सीडीज सहित एक से बढ़कर एक लक्जरी कारें हैं। वहीं अब उनके कार कलेक्शन में एक और सुपर एसयूवी शामिल हो गई है। सचिन ने लेम्बोर्गिनी की हाल ही में पेश की गई उरुस एस खरीदी है। उरुस एस वेरिएंट को हाल ही में भारतीय बाजार में 4.18 करोड़ रुपए की कीमत के साथ उतरा गया था। अब एक वीडियो में उन्हें अपनी नई शानदार सुपर एसयूवी में देखा गया था। उरुस एस एयर सस्पेंशन सिस्टम के साथ आती है, जो बेहतर ड्राइविंग अनुभव प्रदान करती है। इसके अलावा उरुस एस में तीन ऑफ-रोड मोड, सब्बिया (सैंड), नेवे (स्नो) और टेरा (मड) भी हैं, जो विभिन्न सतहों में एक आसान राइड पेश करती है। सचिन भारत में बीएमडब्ल्यू के ब्रांड एंबेसडर हैं और उनके के पास बीएमडब्ल्यू की कई कारें हैं। हालांकि, यह उनकी अब तक की पहली लेम्बोर्गिनी खरीद है। हाई-एंड बीएमडब्ल्यू मॉडल के अलावा सचिन के पास पोर्श 911 टर्बो एस भी है। सचिन के सात बार के एफ वन विश्व चैंपियन माइकल शूमाकर के साथ करीबी संबंध हैं। शूमाकर ने उन्हें फेरारी 360 मोडेना उपहार में दी थी।

# डब्ल्यूटीसी फाइनल जीतने ऑस्ट्रेलिया को पुजारा और विराट पर अंकुश लगाना होगा: पोंटिंग

**लंदन (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने कहा है कि उनकी टीम को भारत के खिलाफ सात जून से शुरु हो रहे आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए केवल दो खिलाड़ियों विराट कोहली और चेतेश्वर पुजारा पर अंकुश लगाना होगा। पोंटिंग के अनुसार पुजारा इंग्लैंड काउंटी चैंपियनशिप में ससेक्स की ओर से लंबे समय तक खेलने के कारण भारतीय टीम को हालात समझने में सहायता दे सकते हैं। वहीं आईपीएल में शानदार प्रदर्शन के बाद से ही विराट का मनोबल बढ़ा हुआ है।

पोंटिंग ने कहा, इसमें कोई संदेह नहीं कि ऑस्ट्रेलियाई टीम विराट और पुजारा को जल्द आउट करने पर बात करेंगी। पुजारा को ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों की चुनौतियों को डटकर सामना करने के लिए जाना जाता है जिन्होंने किसी भी अन्य टीम की तुलना में उनके खिलाफ अधिक टेस्ट रन और शतक बनाए हैं और उनका प्रदर्शन भारत के लिए अहम रहेगा।

पोंटिंग ने कहा, पुजारा ने इससे पहले भी ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों को काफी परेशान किया था और यह विकेट संभावित रूप से ऑस्ट्रेलियाई पिच की तरह होगा। इसलिए वे जानते हैं कि उन्हें उसे जल्दी आउट करना होगा। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए पुजारा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 24 टेस्ट में पांच शतक की मदद से 2,033 रन बनाए हैं और भारतीय कप्तान रोहित शर्मा चाहेंगे कि वह डब्ल्यूटीसी फाइनल में अहम भूमिका निभाएं।

कोहली ने आईपीएल से पहले बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे टेस्ट में 186 रन की पारी खेली थी और अब वह इसी लय को बनाये रखने उतरेंगे। पोंटिंग ने कहा, वे यह भी जानते हैं कि पिछले कुछ सप्ताहों में विराट अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में वापस आ गया है। उसने मुझे बताया कि वह महसूस कर रहा है कि वह अपनी लगभग सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में वापस आ गया है और यह ऑस्ट्रेलिया के लिए सतर्क होने का समय है। उन्होंने साथ ही कहा कि डब्ल्यूटीसी फाइनल में तेज गेंदबाजों की भूमिका भी महत्वपूर्ण होगी।



THE PHOTON NEWS

08 www.thephotonnews.com
Saturday, 03 June 2023



# जवान में नजर आयेंगे नयनतारा और विजय सेतुपति

फिल्म जवान का निर्देशन एटली कुमार ने किया है, जिसमें नयनतारा और विजय सेतुपति ने अभिनय किया है। शुरुआत में, इस साल जून में रिलीज़ होने की उम्मीद थी, रेड चिलीज़ प्रोडक्शन के निर्माताओं ने फिल्म को 7 सितंबर तक के लिए स्थगित कर दिया क्योंकि उन्हें फिल्म के वीएफएक्स पर काम करने के लिए और समय चाहिए था।

बता दें कि पिछले कुछ महीनों में, शाहरुख खान अभिनीत फिल्म जवान पर आधारित कई खबरें आई हैं। एटली द्वारा निर्देशित, फिल्म, जिसमें नयनतारा और विजय सेतुपति भी हैं, अपने शूट से लेकर कई अन्य पहलुओं के लिए सुर्खियां बटोर रही है। फिल्म के सुर्खियां बटोरने का एक कारण पुष्पा स्टार अल्लू अर्जुन के जवान में कैमियो करने की खबरें भी रहीं जो गलत साबित हुई हैं।

कैमियो की भूमिका में अल्लू अर्जुन नहीं संजय दत्त होंगे

दक्षिण के सुपर स्टार अल्लू अर्जुन जवान में कैमियो करते हुए नहीं दिखाई देंगे। यह सब सिर्फ एक अफवाह थी कि अल्लू को जवान में देखा जाएगा, वास्तव में उन्हें कभी भी कैमियो के लिए संपर्क नहीं किया गया था। अभी तक जवान में एकमात्र कैमियो संजय दत्त का ही होगा। अल्लू अर्जुन के जवान में नहीं होने की वास्तविकता के बावजूद, हम अभी भी पठान के बाद शाहरुख खान को एक नए अवतार में बड़े पर्दे पर देखने के लिए उत्साहित हैं।

# कम उम्र में ही स्टार बनी ये अभिनेत्रियां



बॉलीवुड में कई अभिनेत्रियां ऐसी हुई हैं जिन्होंने कम उम्र में ही फिल्मों में लोकप्रियता हासिल की है। आलिया भट्ट ने 20 साल से कम की उम्र में फ़िल्मों में डेब्यू किया और अपना लोहा मनवाया। जब 2012 में आलिया भट्ट ने करण जौहर की फ़िल्म स्टूडेंट ऑफ़ द इयर से बड़े परदे पर अपनी यात्रा शुरू की तब उनकी उम्र महज 19 साल थी। देखते ही देखते आलिया भट्ट आज देश की एक उभरती अभिनेत्री बन गयी। आलिया से पहले अगर बात करें तो इस कड़ी में एक महत्वपूर्ण नाम- करिश्मा कपूर का है।





कपूर खानदान की पहली बेटी जो इंडस्ट्री में एक अभिनेत्री के रूप में आई इसका श्रेय करिश्मा को ही जाता है। करिश्मा ने 1991 में जब प्रेम क़ैदी से अपना फ़िल्मी सफ़र शुरू किया तो उस वक़्त वो महज 17 साल की थीं। उसके बाद तो जैसे करिश्मा छा गयीं। देखते ही देखते उनकी गिनती शीर्ष अभिनेत्रयों में होने लगी। एक दशक से भी ज्यादा समय तक करिश्मा लाखों-करोड़ों प्रशंसकों के दिलों की धड़कन बनी रही हैं।

जब करिश्मा कपूर का करियर शुरू हो रहा था ठीक उसी वक़्त एक और अभिनेत्री का उदय हुआ हालांकि, उनका दौर लंबा नहीं चला। उन्होंने 20 साल से कम की उम्र में ही अपनी नेशनल पहचान बना ली थी। जी, हम बात कर रहे हैं दिव्या भारती की! 18 साल की उम्र तक दिव्या आधा दर्जन तमिल, तेलुगु फ़िल्म कर चुकी थीं। उसी उम्र में उन्होंने विश्वात्मा से हिंदी फ़िल्मों का सफर शुरू किया जो उनकी मौत तक ज़ारी रहा।

बॉलीवुड की दीवा माधुरी दीक्षित भी उन अभिनेत्रयों में से हैं जिन्होंने बहुत ही कम उम्र में अपनी पहचान बना ली थी। 17 साल की उम्र में अबोध से डेब्यू करने वाली माधुरी 20 साल की उम्र तक तेज़ाब जैसी बड़ी हिट से दुनिया भर में तहलका मचा चुकी थीं।

रेखा, हिंदी फ़िल्म की अभिनेत्रियों का कोई इतिहास लिखा जाए तो वह रेखा के नाम के बिना अधूरा है। रेखा ने अपने काम से वो मुक़ाम पाया है। रेखा ने भी श्री देवी की तरह ही महज 15 साल में अपना डेब्यू कर लिया था।

इस लिस्ट में ड्रीम गर्ल हेमा मालिनी को भला कौन भूल सकता है? हेमा मालिनी ने दक्षिण की फ़िल्मों में अपना डेब्यू काफी पहले कर लिया था। लेकिन, जब वो राज कपूर के साथ सपनों का सौदागर फ़िल्म में दिखीं तब उनकी उम्र महज 20 साल थी। वहीं से ड्रीम गर्ल के सफ़र का आगाज़ हुआ।

साल 1972 में राजकपूर अपनी ड्रीम प्रोजेक्ट फ़िल्म मेरा नाम जोकर लेकर आये थे। यह फ़िल्म नहीं चल पायी थी। उसके बाद राजकपूर बहुत परेशान हुए और क़र्ज़ में डूब गए। उन्हें जल्द से जल्द उस क़र्ज़ और सदमे से बाहर आना था। ऐसे में उनकी नज़र डिंपल कपाड़िया पर पड़ी और उन्होंने अपने टैलेंटेड बेटे ऋषि कपूर और डिंपल को लेकर फ़िल्म बॉबी की शूटिंग शुरू कर दी। बॉबी एक ज़बरदस्त हिट साबित हुई और डिंपल कपाड़िया महज 16 साल की उम्र में इतनी बड़ी कामयाबी पाने वाली अभिनेत्री बनीं।



# फिल्म 'शंकरा' में अक्षय के साथ नजर आयेंगी अनन्या

बालीवुड अभिनेता अक्षय कुमार और अदाकारा अनन्या पांडे अपनी आने वाली फिल्म 'शंकरा' की शूटिंग में व्यस्त हैं। विगत दिवस इनको आईआईटी रुड़की में देख गया। सोशल मीडिया पर इनका स्पॉटिंग वीडियो खूब वायरल हो रहा है। वीडियो में दोनों को सेट पर जाते हुए देखा जा सकता है। अक्षय कुमार एक वर्ष में 4 से 5 फिल्में शूट करने के लिए जाने जाते हैं। वह फिल्मों की शूटिंग स्टार्ट टू फिनिश करते हैं। हाल ही में उन्हें केदारनाथ मंदिर में पूजा-पाठ करते हुए देखा गया था। अब उन्हें फिल्म 'शंकरा' के सेट पर देखा गया है। वह आईआईटी रुड़की कैंपस में आते हुए नजर आ रहे हैं।

मूवी 'शंकरा' की घोषणा अभी तक नहीं की गई है और न ही इस फिल्म से जुड़ी कोई जानकारी सामने आई है, लेकिन मीडिया रिपोर्ट के अनुसार यह फिल्म 'सी शंकर नायर' पर आधारित है। फिल्म का टाइटल 'द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ सी शंकर नायर' होगा। फिल्म में अक्षय कुमार एक वकील और एक्टिविस्ट के रोल में होंगे। वहीं, अनन्या पांडे उनके जूनियर की भूमिका निभा रही हैं। इस फिल्म का निर्माण करण जौहर कर रहे हैं। वहीं खबर है कि अक्षय कुमार 'बड़े मियां छोटे मियां' की भी शूटिंग कर रहे हैं। फिल्म में टाइगर श्रॉफ भी नजर आने वाले हैं। अक्षय कुमार जल्द ही 'ओ माई गॉड 2' में नजर आएंगे। इसमें यामी गौतम और पंकज त्रिपाठी भी नजर आएंगे। वहीं, अनन्या पांडे को फिल्म 'ड्रीम गर्ल 2' में देखा जाएगा। इसके पहले उनकी फिल्म 'लाइगर' आई थी जो कि बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप हो गई थी।




# अब फिल्म पुष्पा 2 में नजर आयेंगे अल्लू अर्जुन

दक्षिण के सुपर स्टार अल्लू अर्जुन अब फिल्म पुष्पा 2 में नजर आयेंगे। फिल्म की शूटिंग जोरशोर से जारी है। उधर सुपर स्टार अल्लू अर्जुन की अगली फिल्म को लेकर चर्चाएं तेज होने लगी हैं। अल्लू अर्जुन अपनी अगली फिल्म के लिए एक बार फिर से निर्देशक त्रिविक्रम श्रीनिवास के साथ हाथ मिलाने वाले हैं। बताया जा रहा है कि ये फिल्म इस वक्त प्री-प्रोडक्शन स्टेज में हैं और अल्लू अर्जुन ने फिल्म के लिए अपनी ओर से हामी भर दी है। हालांकि अभी तक अल्लू अर्जुन ने फिल्म साइन नहीं की। मगर निर्देशक त्रिविक्रम श्रीनिवास के साथ उनकी कई बैठके हो चुकी हैं। दिलचस्प बात ये है कि ये एक पैन इंडिया फिल्म होगी। जिसे निर्देशक त्रिविक्रम श्रीनिवास अपने फेवरेट हीरो अल्लू अर्जुन संग लेकर आने की तैयारी में हैं। अल्लू अर्जुन और निर्देशक त्रिविक्रम श्रीनिवास की ये चौथी फिल्म होगी।

इससे पहले ये स्टार डायरेक्टर और एक्टर की जोड़ी फिल्म अला वैकुंठपुरमलो में नजर आई थी। ये फिल्म ब्लॉकबस्टर रही थी। जबकि, इससे पहले दोनों सितारे मिलकर जुलायी और सन ऑफ सत्यमूर्थि जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्में दे चुके हैं। ऐसे में एक बार फिर ये दोनों साथ आकर क्या धमाल करेंगे। इस पर हर किसी की नजर है। खास बात ये है कि ये निर्देशक त्रिविक्रम श्रीनिवास की पहली पैन इंडिया फिल्म होगी। एक रिपोर्ट की मानें तो इस फिल्म की स्क्रिप्ट लॉक हो चुकी है। फिल्म का आइडिया और कहानी खुद निर्देशक त्रिविक्रम श्रीनिवास और अल्लू अर्जुन को काफी पसंद आई है। पुष्पा की बंपर सक्सेस के बाद एक्टर अल्लू अर्जुन अपनी फिल्मों के चयन को लेकर काफी अलर्ट हो चुके हैं। वो काफी सोच समझकर ही फिल्म साइन कर रहे हैं। ऐसे में उन्होंने त्रिविक्रम को अपनी अगली फिल्म के लिए हां कहा है। रिपोर्ट्स की मानें तो ये फिल्म साल 2024 तक फ्लोर पर पहुंचेगी।

# मुंबई एयरपोर्ट पर सेल्फी क्लिक करने की कोशिश कर रहे फैन को संजय दत्त ने धक्का दिया

संजय दत्त बॉलीवुड के ऐसे एक्टर है जो अपने स्वैग के लिए जानें जाते हैं। उनका स्टाइल उनका अंदाज लोगों को काफी पसंद है इस लिए एक लंबी भीड़ संजय दत्त को पंसद करती हैं। इसके अलावा संजय अपनी एक्टिंग से भी लोगों को प्रभावित करते हैं। काफी समय से संजय दत्त मुंबई में नहीं थे। अभिनेता संजय दत्त मुंबई लौट आए और तुरंत ही एक विवाद में फंस गए। ऑल-ब्लैक पठान सूट पहने, अभिनेता को मुंबई हवाई अड्डे से बाहर निकलते देखा गया और उन्होंने लोगों का बहुत ध्यान आकर्षित किया। हालांकि संजय जल्दबाजी में दिखे और प्रशंसकों के साथ सेल्फी लेने के मूड में नहीं थे। पैपराजी अकाउंट्स पर संजय दत्त की एयरपोर्ट से बाहर निकलते हुए वीडियो है।कुछ प्रशंसकों को अभिनेता के पीछे एक तस्वीर लेने के लिए दौड़ते देखा जा सकता है, लेकिन अभिनेता ने अपना चेहरा दूसरी तरफ कर लिया। उन्हें एक प्रशंसक के हाथ को धक्का देते हुए भी देखा गया, क्योंकि उसने उनकी अनुमति के बिना तस्वीर क्लिक करने की कोशिश की थी। प्रशंसकों द्वारा पीछा किए जाने पर अभिनेता नाराज दिखे। सेल्फी क्लिक करने की कोशिश करते हुए व्यक्ति को संजय दत्त के साथ चलते देखा गया। अभिनेता ने उसका हाथ हटा लिया और चलना जारी रखा। एक अन्य प्रशंसक ने भी एक क्लिक के लिए प्रयास किया लेकिन संजय दत्त ने उसे भी हटा दिया। फैन्स के साथ संजय दत्त के इस बर्ताव पर ऑनलाइन खूब प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं। एक प्रशंसक ने लिखा, 'सर फैन को धक्का दे रहे है,' जबकि दूसरे ने लिखा, 'बापरे इतना घमांड।' कुछ लोगों ने यह भी बताया कि उस व्यक्ति ने सेल्फी क्लिक करने से पहले अभिनेता से अनुमति नहीं ली थी।



# सत्यप्रेम से कार्तिक और कियारा की जोड़ी वापसी करेगी

बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन और अदाकारा कियारा अडवाणी की जोडी अब सत्यप्रेम में नजर आयेगी।

उल्लेखनीय है कि भूल भुलैया 2 के बाद कार्तिक आर्यन और कियारा आडवाणी की ब्लॉकबस्टर जोड़ी एक बार फिर एकसाथ स्क्रीन पर वापस आ रही है। इसी को देखते हुए सत्यप्रेम की कथा के दिलचस्प टीजर को देखने के बाद सोशल मीडिया पर मूवी के गाने की डिमांड उठी। ऐसे में मेकर्स ने फैन्स की मांग को पूरी करते गाने का एक टीजर जारी कर दिया है। इसका बोल नसीब से है। गाने में नजर आ रही कार्तिक और कियारा की जादुई जोड़ी एक बार फिर फैन्स पर अपना जादू बिखेरेगी। गाने का टीजर वास्तव में उन दर्शकों के लिए एक ट्रीट के रूप में सामने आया है, जो फिल्म के टीजर में फिल्म के म्यूजिक को सुनकर उसके पूरी तरह से सामने आने का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे।

ऐसे में फिल्म के जारी पहले गाने के इस टीजर ने यकीनन गाने की रिलीज के लिए उत्साह को डबल कर दिया है। नसीब से गाने के टीजर में कार्तिक आर्यन और कियारा आडवाणी को एक साथ देखने के बाद कह सकते हैं कि ये इस साल की बड़ी म्यूजिकल रोमांस फिल्म होने वाली है। इस गाने को जहां पायल देव ने कंपोज़ किया हैं, वहीं पायल देव के साथ विशाल मिश्रा ने इसे खूबसूरती से गाया है। गाने के बोल एएम तुराज़ के हैं। यह गाना रिलीज होने वाला है। सत्यप्रेम की कथा एनजीई और नम: पिक्चर्स के बीच सहयोग का प्रतीक है। दिलचस्प बात यह है कि साजिद नाडियाडवाला और शरीन मंत्री केडिया ने किशोर अरोड़ा और निर्देशक समीर विद्वांस के साथ अपनी अपनी फीचर फिल्मों के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार जीते हैं।

